17 page 1_01.qxd 10/16/2023 9:52 PM Page 1

तीसरा नवरात्रा मां चंद्रघंटा की करें पूजा

दैनिक

भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

सत्ता में आने पर ओबीसी क्रीमीलेयर आय सीमा...

■ वर्ष:1 ■ अंक: 38 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ मंगलवार ■ 17 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

न्यूज डायरी

भाजपा-जजपा गठबंधन कुछ दिन का मेहमान : बीरेंद्र सिंह

चंडीगढ़। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता चौधरी बीरेंद्र सिंह ने दावा किया है कि कुछ ही दिनों में भाजपा-जजपा का गठबंधन टूट जाएगा। यह दावा उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से दो दिन पहले चंडीगढ़ में हुई मुलाकात के बाद किया है। इससे हरियाणा के गलियारों में हलचल मच गई है।

बीरेंद्र सिंह कहते हैं कि 2 अक्टूबर की रैली के बाद उनकी भाजपा के टॉप लीडर्स से बातचीत हुई है। भाजपा के भी सभी नेता जजपा से गठबंधन के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने भूपेंद्र सिंह हुड्डा के जाट सीएम और डिप्टी सीएम के बयान का समर्थन किया है।

गौरतलब है कि बीरेंद्र सिंह ने हाल ही में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ से मुलाकात की थी। इसके बाद ही वह दावा कर रहे हैं कि 10, 15, 20 या एक महीने के भीतर ही जजपा के साथ भाजपा गठबंधन टूट जाएगा। उन्होंने बताया कि सीएम से हुई मुलाकात में लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई है। चुनाव कैसे जीतना है इसको लेकर भी बात हुई है।

मप्र के चुनाव में सपा-कांग्रेस की राह हुई अलग

नई दिल्ली। कांग्रेस के नेतृत्व में बने आईएनडीआईए गठबंधन का समाजवादी पार्टी एक सदस्य है, लेकिन दोनों मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में अपने-अपने उम्मीदवार खड़े करेंगे। अब तक जारी उम्मीदवारों की सूची में पांच सीटों पर दोनों पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव मैदान में रहेंगी । ये सीटें दलित, अल्पसंख्यक और यादव बहुल मानी जाती हैं। लोकसभा चुनाव के समीकरण को ध्यान में रखते हुए उम्मीद जताई जा रही थी कि कांग्रेस मध्य प्रदेश में कुछ सीटें सपा को देगी, लेकिन अभी तक स्थितियां एकदम विपरीत हैं। कांग्रेस ने रविवार को सुबह230 में 144 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की। शाम को सपा ने भी नौ उम्मीदवारों की घोषणा कर दी।

ग्रुप-डी की परीक्षा देने वाले रोडवेज में मुफ्त कर सकेंगे यात्रा

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ग्रुप-डी के लिए होने वाले सीईटी परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। ये अभ्यर्थी 21-22 अक्टूबर को मुफ्त बस यात्रा कर सकेंगे। अभ्यर्थियों को आने जाने में कोई परेशानी न हो इसके लिए उनके एडमिट कार्ड पर ही पेपर के दिन का पास लिख दिया जाएगा। इसके बाद उनसे रोडवेज की बसों में आने जाने का कोई भी किराया नहीं लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

एसवाईएल के मुद्दे को हल करने के लिए हम बैठक को तैयार

पंजाब में एसवाईएल के शीघ्र निर्माण की उम्मीद भी जताई

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र



चंडीगढ़। सतलुज-यमुना लिंक नहर (एसवाईएल) पर पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत मान को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि वे एसवाईएल नहर के निर्माण के रास्ते में आने वाली किसी भी बाधा या मुद्दे को हल करने के लिए उनसे मिलने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि एसवाईएल को लेकर इसी माह 4 अक्टूबर को सर्वोच्च न्यायालय ने एक विस्तृत आदेश पारित किया है। इसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि निष्पादन जल के आवंटन से संबंधित नहीं है। मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा का प्रत्येक निवासी 1996 के मूल वाद संख्या 6 के डिक्री के अनुसार पंजाब के हिस्से में एसवाईएल नहर के निर्माण के शीघ्र पूरा होने की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहा है।वे स्वयं अपने लोगों और दक्षिणी हरियाणा में हमारी सूखी भूमि के इस लंबे समय से प्रतीक्षित सपने को साकार करने के लिए कुछ भी करने को हमेशा तैयार हैं। उन्होंने उम्मीद जताई की पंजाब सरकार निश्चित रूप से इस मामले को हल करने में अपना सहयोग देगी।

इस दिशा में हुई प्रगति

पंजाब के मुख्यमंत्री ने 4 अक्टूबर के सुप्रीम कोर्ट के फैसले से एक दिन पहले यानी 3 अक्टूबर की तारीख में मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पत्र लिखा था। मान नेइस मुद्दे को लेकर द्विपक्षीय बैठक करने के लिए उनसे समय मांगा था। इससे पहले दोनों के बीच आखिरी बार 14 अक्टूबर, 2022 को द्विपक्षीय बैठक हुई थी। इसके बाद केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने इस वर्ष 04 जनवरी को दूसरे दौर की चर्चा की थी। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री इस बैठक में मौजूद थे।

पंजाब का अड़ियल रुख

सर्वोच्च न्यायालय के दो फैसलों के बावजूद पंजाब ने एसवाईएल का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों को लागू करने की बजाए पंजाब ने वर्ष 2004 में समझौते निरस्तीकरण अधिनियम बनाकर इनके क्रियान्वयन में रोड़ा अटकाने का प्रयास किया। पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के प्रावधान के अंतर्गत भारत सरकार के आदेश दिनांक 24.3.1976 के अनुसार हरियाणा को रावी-ब्यास के फालतू पानी में से 3.5 एमएएफ जल का आबंटन किया गया था। एसवाईएल कैनाल का निर्माण कार्य पूरा न होने की वजह से हरियाणा केवल 1.62 एमएएफ पानी का इस्तेमाल कर रहा है। पंजाब अपने क्षेत्र में एसवाईएल कैनाल का निर्माण कार्य पूरा न करके हरियाणा के हिस्से के लगभग 1.9 एमएएफ जल का गैर-कानूनी ढंग से उपयोग कर रहा है। पंजाब के इस रवैये के कारण हरियाणा अपने हिस्से का 1.88 एम.ए.एफ. पानी नहीं ले पा रहा है।

हरियाणा को क्या हो रहा है नुकसान

इस पानी के न मिलने से दक्षिणी-हरियाणा में भूजल स्तर भी काफी नीचे जा रहा है। एसवाईएल के न बनने से हरियाणा के किसान महंगे डीजल का प्रयोग करके और बिजली से नलकूप चलाकर सिंचाई करते हैं, जिससे उन्हें हर वर्ष 100 करोड़ रुपये से लेकर 150 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ता है। पंजाब क्षेत्र में एसवाईएल के न बनने से हरियाणा को उसके हिस्से का पानी नहीं मिल रहा जिसकी वजह से 10 लाख एकड़ क्षेत्र को सिंचित करने के लिए सृजित सिंचाई क्षमता बेकार पड़ी है। हरियाणा को हर वर्ष 42 लाख टन खाद्यान्नों की भी हानि उठानी पड़ती है। यदि 1981 के समझौते के अनुसार 1983 में एसवाईएल बन जाती, तो हरियाणा 130 लाख टन अतिरिक्त खाद्यान्नों व दूसरे अनाजों का उत्पादन करता। 15 हजार प्रति टन की दर से इस कृषि पैदावार का कुल मूल्य 19,500 करोड़ रुपये बनता है।

मुलाकात



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार शाम को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्हें एसवाईएल नहर पर पंजाब की जिद से अवगत कराया। अपनी सरकार की उपलब्धियां बताई।

मोनू मानेसर को नूंह कोर्ट ने दी जमानत

नूंह, भरोसा मित्र। यहां की कोर्ट ने मंगलवार को मोनू मानेसर को जमानत दे दी है। उसे पुलिस ने उसे सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने के मामले में गिरफ्तार किया था। हालांकि बाद में उसे राजस्थान के घाटमीका निवासी नासिर-जुनैद की हत्या के केस में राजस्थान पुलिस को सौंप दिया गया था। मोनू मानेसर पर पटौदी में हत्या के प्रयास का मामला भी चल रहा है। उसके वकील एलएन पाराशर द्वारा नूंह कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई थी। बता दें कि जब मोनू मानेसर को नूंह पुलिस ने गिरफ्तार किया था, तब राजस्थान पुलिस ने उसे नासिर जुनैद हत्या मामले में प्रोडक्शन वारंट पर सौंपने को अर्जी लगाई थी। जिसके बाद उसे राजस्थान पुलिस को सौंप दिया था। नूंह में हिंसा को भड़काने का आरोप मोनू मानेसर, बिट्टू बजरंगी, विधायक मामन खान पर भी लगा था। पुलिस ने इस मामले में 60 एफआईआर दर्ज कर करीब 356 लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 28 अगस्त को दोबारा शोभा यात्रा निकालने के दौरान मोनी मानेसर ने 26 अगस्त एक और भड़काऊ पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली थी।

हरियाणा में जारी रहेगी आशा वर्कर्स की हड़ताल, बैठक बेनतीजा

विधायकों व मंत्रियों के आवास पर पड़ाव डालने का किया ऐलान

चंडीगढ़। हरियाणा में चल रही आशा वर्कर्स की हड़ताल को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव के साथ हुई बैठक में कोई नतीजा नहीं निकल सका है। दूसरे चरण की इस बैठक में सरकार की तरफ से जहां आशा वर्कर्स को एक सप्ताह में सभी मांगों को फैसले का आश्वासन दिया गया है वहीं आशा वर्कर्स ने 18 व 19 अक्टूबर को प्रदेश के सभी मंत्रियों और विधायकों के आवास पर 24 घंटे का पड़ाव डालने का ऐलान कर दिया है। हरियाणा में करीब बीस हजार आशा वर्कर्स की हड़ताल पिछले तीन माह से चल रही है। सोमवार को मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर की अध्यक्षता में दूसरे दौर की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में यूनियन की ओर से आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा की अध्यक्ष सुरेखा, महासचिव सुनीता, सीटू महासचिव जय भगवान, यूनियन कोषाध्यक्ष अनीता, उपाध्यक्ष, रानी, मीरा, सुधा,पूनम व सचिव कमलेश शामिल रहे। बैठक में एनएचएम के निदेशक राज नारायण कौशिक, आशा कॉर्डिनेटर चांद सिंह मदान आदि अधिकारी शामिल थे। करीब तीन घंटे तक चली बैठक के बाद यूनियन अध्यक्ष सुरेखा ने बताया कि मुख्य प्रधान सचिव ने मांगों के बारे में आश्वस्त किया कि हफ्ते भर में मुख्यमंत्री व सरकार अंतिम नतीजे पर पहुंचेगी। यूनियन ने कहा कि सरकार जब तक मांगों का निपटारा नहीं करेगी हड़ताल जारी रहेगी।

पीएम मोदी 20 अक्टूबर को करेंगे उद्घाटन

दिल्ली-मेरठ रुट पर दौड़ने को देश की पहली रैपिड रेल तैयार

पहले चरण के उद्घाटन की तैयारियां पूरी

नई दिल्ली,एजेंसी।

दिल्ली-मेरठ देश की पहली रीजनल रैपिड रेल (रैपिड एक्स) कॉरिडोर के प्राइमरी सेक्शन साहिबाबाद से दुहाई के बीच रैपिड एक्स रेल का निर्माण पूरा हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को साहिबाबाद से दुहाई डिपो के बीच तक 17 किलोमीटर लंबे इस सेक्शन का उद्घाटन कर पहली रैपिड रेल का शुभारंभ करेंगे। वहां पीएम की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। इस समारोह में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पीएम मोदी के साथ होंगे। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) अफसरों के साथ 12 अक्टूबर का ही रैपिड रेल के उद्घाटन को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया था। अब 20 अक्टूबर को रैपिड रेल कॉरिडोर के पहले चरण को उद्घाटन की तारीख तय हो गई है और गाजियाबाद में पीएम मोदी के दौरे को लेकर सभी तैयारियां तेजी के साथ की जा रही हैं।

दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड रेल (रैपिड एक्स) कॉरिडोर एक सेमी हाई स्पीड रेल कॉरिडोर है, जो दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ को जोड़ेगा। 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर का पहला सेक्शन की लंबाई साहिबाबाद स्टेशन से दुहाई डिपो तक 17 किलोमीटर है, जिसके बीच में कुल 5 स्टेशन हैं, जो स्टॉफ की तैनाती के साथ पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। इससे पहले इस रुट पर रैपिड रेल को 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ाकर उसकी हर लेवल की टेस्टिंग की जा चुकी है।

सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम

17 किलोमीटर

5 स्टेशन

82 दिल्ली-मेरठ किलोमीटर

बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी रैपिडएक्स ट्रेन का उद्घाटन करने के बाद गाजियाबाद में जहां जनसभा को संबोधित करेंगे, वहां उनकी सुरक्षा में पांच हजार जवान तैनात रहेंगे। इसके अलावा 10 खोजी श्वान दस्ता, एंटी माइन्स, एंटी सबोटाज, जैमर के साथ एटीएस, एसटीएफ और आईबी के अधिकारी भी डटे रहेंगे। सोमवार या मंगलवार में एसपीजी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने आ सकती है। वहीं प्रधानमंत्री के दौरे पर उनकी सुरक्षा के मद्देनजर स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) ने सभा स्थल का जायजा लेने के बाद अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये हैं। जनसभा स्थल को जर्मन हैंगर से कवर किया जा रहा है। इस स्थल को सीसीटीवी कैमरों से कवर कर कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए कार्यक्रम के दौरान उस पूरे क्षेत्र को नो फ्लाइंग घोषित किया गया है। रैपिडएक्स के 17 किमी रूट पर सड़क, रूफटॉप ड्यूटी के साथ रास्ते में पड़ने वाली हरनंदी नदी में भी जवान नाव के साथ गश्त के लिए लगाए जाएंगे। इस पूरे रूट पर ड्रोन कैमरों से नजर रखी जाएगी।

पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान ने जेजेपी को कहा अलविदा

चरखी दादरी, भरोसा मित्र

पूर्व मंत्री और जेजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रह चुके सतपाल सांगवान ने पार्टी को छोड़ दिया है। बताया जाता है कि वह दिनों से पार्टी में सक्रिय नहीं थे। विधानसभा चुनाव से पहले जेजेपी को यह बड़ा झटका माना जा रहा है।

सतपाल सांगवान रखी यहां सितंबर में हुई रैली में भी शामिल नहीं हुए थे और वे पार्टी का साथ छोड़ने का एलान पहले ही कर चुके थे।

राहत भरी खबर

युवाओं को मिलेगा आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी बनने का मौका

मुख्यमंत्री ने दी एएमओ के 1085 पदों को मंजूरी

सरकार की ओर से 1 नवंबर से सभी सरकारी कर्मचारियों को कैशलेस मेडिकल की सुविधा देने की भी तैयारी

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर (एएमओ) के 1085 के पदों के सृजन की मंजूरी दे दी है। अब इसकी फाइल को वित्त विभाग के पास भेज दिया गया है। मनोहर लाल ने वित्त विभाग के स्पेशल सेक्रेटरी को हिदायत दी है कि जल्द ही फाइल को मंजूरी देने में विलंब न किया जाए।

क्या होगी नई व्यवस्था

इस योजना को दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में सरकारी कर्मियों को कैशलेस सुविधा में कवर किया जाएगा।

अगले यानि दूसरे चरण में उनके आश्रितों और पेंशन भोगी कर्मी इस योजना के शामिल होंगे। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में योजना को शुरुआत में 2 छोटे विभागों बागवानी और मतस्य विभाग में शुरू किया जाएगा। इसके बाद अन्य विभागों में इसका विस्तार करने का विचार है।



एक विशेष बात और है कि सरकार की ओर से 1 नवंबर से सभी सरकारी कर्मचारियों को कैशलेस मेडिकल की सुविधा देने की भी तैयारी की जा रही है। इस बारे में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने अधिकारियों को इसके लिए निर्देश दे चुके हैं।

इसी के साथ इस बैठक में राजेश खुल्लर ने बताया कि फरीदाबाद, रेवाड़ी और सिरसा जिलों में तीन माह में वेयर हाउस बनाए जाएंगे।

इसके बाद सभी वेयर हाउसों में दवाइयों के स्टॉक में भी तेजी लाने के उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए।



17 page 2_01.qxd 10/16/2023 9:15 PM Page 1

खबर फटाफट

मनोहरलाल सरकार का दलित समाज ने जताया आभार : रोहिल्ला

सोहना : दलित समाज ने मनोहरलाल सरकार द्वारा प्रथम व द्वितीय श्रेणी में पदोन्नति में आरक्षण दिए जाने पर आभार जताया है। सोहना क्षेत्र के दलित समाज की तरफ से भिवानी बोर्ड से सेवानिवृत्त अधिकारी धर्मबीर सिंह, नगरपार्षद राकेश कुमार रोहिल्ला, नंबरदार तेजपाल लाखुवासिया, सुनील नंबरदार, राजू लाखुवास, ओमबीर की अगुवाई में दलितों का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा विधायक सत्यप्रकाश जरावता से मिला।उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहरलाल द्वारा प्रथम व द्वितीय श्रेणी में पदोन्नति में आरक्षण दिए जाने पर सोहना क्षेत्र के दलित समाज की तरफ से मुख्यमंत्री मनोहरलाल तथा भाजपा विधायक सत्यप्रकाश जरावता का आभार जताया। इस मौके पर भाजपा विधायक सत्यप्रकाश जरावता को सोहना क्षेत्र की तरफ से सम्मान की प्रतीक पगड़ी भी बांधी गई।

मां की ममता की कीमत हमेशा रहे अनमोल : राघव

सोहना : भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता सतेन्द्र राघव तथा भौंड़सी ग्रामपंचायत मैंबर रहे रामकिशन राघव ने वरिष्ठ पत्रकार उमेश गुप्ता की माता लाजवंती देवी के निधन को समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि मां की ममता की कोई कीमत नहीं। मां की ममता बहुत ही अनमोल है। उन्होने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने माता-पिता के दिखाए रास्ते पर चल सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहना चाहिए। इसके अलावा युवा व्यापारी नेता व किरयाणा कारोबारी अनिल जैन, लाला मदनमोहन मुनीम, यादव समाज के युवा नेता राकेश यादव रायसीना, बलजीत यादव धुनेला, मोनी यादव धुनेला, गौरव दौलतपुरिया, सेवानिवृत्त शिक्षक मास्टर भगवानदास वशिष्ठ, प्रोफेसर होशियार सिंह, सैनी युवा नेता कुणाल सैनी, नगरपरिषद की पूर्व चेयरपर्सन रोशनी भारद्वाज के प्रतिनिधि संजीव शर्मा, गांव रायसीना में रहने वाले युवा समाजसेवी विनय यादव, कच्चे बेरका रोड़ से नरेश सैनी, कमल सैनी, आटा गौशाला से मुकेश गर्ग एडवोकेट, युवा ब्राह्मण नेता अनिल शर्मा एजेंसी वाले, चौधरी तैयबहुसैन छिरकलोत ने भी शोक जताया।

फौजी को क्यों नहीं मिला शहीद का दर्जा : बलबीर गब्दा

सोहना : सामाजिक संस्था उन्नति चेरिटेबल ट्रस्ट के सीईओ बलबीर गब्दा का कहना है कि देश का पहला अग्निवीर फौजी जम्मू कश्मीर में शहीद हुआ, लेकिन सरकार की घटिया नीति के आगे उसे शहीद का दर्जा नही मिला। उन्होंने कहा कि 19 वर्ष की उम्र में जम्मू कश्मीर में शहीद हुए देश का पहला अग्निवीर शहीद अमृतपाल सिंह का पार्थिव शरीर उसके मानसा जिले के गांव कोटलीकला में मात्र दो फौजी लेकर आए। शर्मनाक बात ये है कि शहीद अमृतपाल का पार्थिव शरीर लाने वाले फौजी फौज की वर्दी की बजाय सिविल वर्दी में निजी एंबुलेस में लेकर आए।इसलिए पूर्व सैनिक अग्निवीर भर्ती का विरोध कर रहे हैं।

विधानसभा चुनावों में जीत का परचम लहराएगी कांग्रेस : गुर्जर

सोहना : कांग्रेस ओबीसी सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित गुर्जर बिस्सर ने दर्जनों नेताओं के अपने साथियों समेत कांग्रेस में शामिल होने का स्वागत किया है। उन्होंने विभिन्न पार्टियों के नेताओं का लिया गया दूरदर्शी फैसला बताया है। बिस्सर ने बताया कि विस चुनावों मे कांग्रेस की जीत का परच लहराएगी। समाजसेवी ठाकुर ऋषिपाल सिंह, पूर्व सरपंच ठाकुर कन्हैया सिंह, पूर्व मैंबर भीम सिंह, फौजी रतिराम, मास्टर धर्मबीर सिंह, भाजपा के पूर्व नेता विजय कुमार, मैंबर पंचायत रहे कर्मबीर, जिलापरिषद उम्मीदवार रहे मुकेश कुमार, दिगंबर सिंह, पूर्व सैनिक जीवनलाल, गोपाल भगत जी, ज्ञान सिंह बडोली, राकेश कुमार सालागर, हरदयाल सिंह, आजाद सिंह, रमेश नायक के पूर्वमंत्री चौधरी करण सिंह दलाल की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल होने से जाहिर है कि जनता भाजपा-जजपा की जनविरोधी नीतियों से बुरी तरह तंग आ गई है। भाजपा के राज में लोग बिजली-पानी, सीवरेज जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। मनोहरलाल सरकार को सोहना विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों के ऊपर एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए ताकि पता चले कि मौजूदा सरकार ने सोहना क्षेत्र में कितने बेरोजगारों को रोजगार देने का काम किया है।

नवरात्रों में सोशल मीडिया पर मची माता की धूम

सोहना : अल्प समय में अपने विचारों को एक-दूसरे तक पहुंचाने वाली सोशल मीडिया नवरात्रों में भक्ति का माध्यम बन रही है। ट्विटर, फेसबुक और वाटसअप जैसे सोशल साईट प्लेटफार्म माता की भक्ति के रंगों में रंग गए है। मां दुर्गा की फोटो, आरती और भक्ति भावना से प्रेरित पोस्टों का जमकर आदान-प्रदान हो रहा है। टिवट कर शहर, क्षेत्र और देशवासियों को नवरात्रों की शुभकामनाएं दी जा रही है। युवाओं में नवरात्रों और देवी मां की भक्ति का जोश सोशल मीडिया पर जमकर परवान चढ़ रहा है। जगह-जगह बने माता के मंदिरों और पंडालों, माता के जागरणों, डांडिया से लेकर अन्य प्रकार के आयोजनों को जमकर शेयर किया जा रहा है। लोग सभी को नवरात्रों की शुभकामनाएं दे रहे है। लोग वाटसअप पर भी अपने जानकारों को इन अवसरों पर बधाईयों का आदान-प्रदान कर रहे हैं।

ओपीडी टाइम बदला,सरकारी अस्पताल खुलेगा 9 बजे से

सोहना: यहां पर सरकारी अस्पताल प्रबंधन ने सर्दियों के मौसम के दृष्टिगत ओपीडी व रोगी रजिस्ट्रेशन टाइम में बदलाव कर दिया है। सुबह 8 बजे से 2 बजे तक खुला रहने वाला सरकारी अस्पताल अब रोजाना सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक खुला करेगा और सुबह से दोपहर 3 बजे तक चिकित्सा अधिकारी अपने-अपने कक्षों में बैठकर रोगियों को देखेंगे। दवा वितरण वाली खिडक़ी भी दोपहर 3 बजे तक खुली रखी जाएगी। आपातकालीन सेवाएं रात-दिन 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। सरकारी अस्पताल के प्रभारी व एसएमओ डाक्टर इंद्रजीत सिंह ने बताया कि प्रदेश के स्वास्थ्यमंत्री अनिल विज के दिए गए आदेशों के दृष्टिगत स्थानीय सरकारी अस्पताल में कार्यरत सभी डाक्टरों को ड्यूटी वक्त में सफेद कोट पहनने और अपने नामों की नेमप्लेट कोट पर लगाने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में तब्दील टाइम टेबल को तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया है। अस्पताल परिसर में जगह-जगह टाइम बदलाव वाले इश्तिहार चस्पा कराए गए हैं।

तीन स्थानों पर किया जा रहा है रामलीला का आयेजन

सीता स्वयंवर में श्रीराम ने तोड़ा धनुष, रचाया विवाह

रावण धनुष को उठाने के लिए जैसे ही झुकते है तो आकाशवाणी हो जाती है कि रावण तेरी लंका में आग लग गई है

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। श्री शानदार रामलीला क्लब द्वारा प्राचीन हनुमानबगीची मैदान और स्थानीय स्टेडियम मैदान में श्री शिव रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला के तीसरे दिन ताड़का वध व अहिल्या को वरदान के बाद गुरू विश्वामित्र ने श्रीराम, लक्ष्मण को गंगा मैया के दर्शन कराकर उन्हे इसके इतिहास से अवगत कराया।

इसके बाद राजा जनक के दरबार में स्वयंवर की तैयारियां पूरी की जाने लगी और शंकर जी के धनुष को सीता जी दरबार में रखती है तथा शर्त बताई जाती है कि जो भी इस धनुष को उठाकर उस पर प्रत्यंचा चढ़ा देगा, सीता उसी के गले में वरमाला डालेगी। स्वयंवर में मौजूद दूर दराज क्षेत्रों से आए राजा और राजकुमार प्रयास करते हैं, लेकिन कामयाब नही हो पाते। इसी बीच खुद के बल पर इतराए रावण धनुष को उठाने के लिए जैसे ही झुकते है तो आकाशवाणी हो जाती है कि रावण तेरी लंका में आग लग गई है। ऐसे में रावण स्वयंवर छोडक़र लंका के लिए प्रस्थान कर जाते हैं।

वे जाने से पहले सीता को धमकी भरे शब्दों में यह भी कह जाते है कि सीते, एक दिन तुझको लंका जरूर दिखाउंगा। इसके बाद काफी समय तक राजा जनक की लक्ष्मण के साथ बहस होती है। श्रीराम उठते हैं और लक्ष्मण को शांत कहते है कि 'लड़ना अच्छा नहीं भाई-कुछ लक्ष्मण करो समाई'। राजा जनक से वार्ता के बाद संगीत की स्वर लहरियों के बीच राम आगे बढ़कर श्री शिवजी के धनुष को प्रणाम करते हुंऔर धनुष को उठाकर उस पर प्रत्यंचा चढ़ाना शुरू करने पर धनुष के बीच में से टूटकर 2 टुकड़े हो जाते हैं। श्रीराम ने धनुष तोड़ा तो दर्शकों ने श्रीराम की जय के उदघोष लगाए।

तभी राजा जनक के दरबार में महर्षि परशुराम आगमन करते है और आते ही पूछते है कि शिव का धनुष किसने तोड़ा। परशुराम के बार-बार पूछने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो वह गुस्सा हो गए और कहा कि मूर्ख जनक, जल्दी बता ये धनुष किसने तोड़ा है-इस भरे स्वयंवर में किसने सीता से नाता जोड़ा है। जल्दी उसकी सूरत दिखला-वरना चौपट कर डालूंगा, जितना पृथ्वी पर राज तेरा-सब उलट-पुलट कर डालूंगा। स्थिति को संभालने के लिए श्रीराम परशुराम के सामने आते हैं और शीश झुकाकर कहते हैं कि शिव धनुष तोडऩे वाला भी कोई शिव का भक्त होगा-जिसने यह अपराध किया, वह दास तुम्हारा होगा, लेकिन परशुराम के क्रोध को ना थमते देख श्रीराम के अनुज लक्ष्मण बीच में आ जाते है। तब लक्ष्मण और भगवान परशुराम के बीच तीखी नोकझोंक शुरू होती है।

दर्शकों को खूब मजा आता है। किसी प्रकार परशुराम का गुस्सा शांत होता है और सीता-श्रीराम के विवाह का मंचन होता है।

पंजाबी धर्मशाला: मंचन के दौरान हुआ ताड़का वध का मंचन

श्रीराम की लीलाओं के मंचन के दौरान स्थानीय पंजाबी धर्मशाला सभागार में श्री सनातन धर्मसभा द्वारा प्रायोजित श्रीराम लीला मंचन के दौरान कलाकारों ने श्रीराम जन्म का दृश्य प्रस्तुत कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। रामलीला के प्रोजेक्ट चेयरमैन विनीत रतड़ा, विपिन मल्होत्रा, उमेश जुनेजा कोकी, चंद्रभान रतड़ा, लवली जुनेजा, डाक्टर नरेश पाहूजा, विमलेश गोस्वामी, देविन्द्र आहूजा आदि की माने तो रामलीला मंचन के वक्त श्रीराम जन्म के दौरान सूर्यवंश को आगे बढ़ाने के लिए व्याकुल पुत्र विहीन महाराजा दशरथ ने अपनी व्यथा मुनि श्रंगी ऋंगी जी को सुनाई। जिन्होंने अपने तप द्वारा यज्ञ कर महाराजा दशरथ को आशीर्वाद दिया। जिस कारण महाराजा दशरथ के घर चार पुत्रों ने जन्म लिया। पुत्र प्राप्ति पर महाराजा दशरथ गदगद हुए व पुत्रों संग अठखेलियां की। तत्पश्चात चारों पुत्रों को शिक्षा के लिए गुरूकुल में भेजा गया। गुरूकुल से शिक्षा पूरी करने के बाद जब चारों पुत्र वापिस अयोध्या आए तो मुनि विश्वामित्र अयोध्या नगरी आए और महाराजा दशरथ को बताया कि उनके हवन में राक्षस विघ्न डाल रहे है। अत- श्रीराम व लक्ष्मण को मेरे साथ भेज दो। तब मुनि विश्वामित्र राम व लक्ष्मण को अपने साथ अपना हवन पूरा करने व राक्षसों का संहार करने के लिए अपने साथ ले गए। वहां मुनि के आश्रम जाकर उन्होने ताडक़ा राक्षसी व अन्य राक्षसों का वध किया।

बुजुर्ग परिवार के साथ समाज की धरोहर: पंकज भारद्वाज

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर पंकज भारद्वाज शहर के व्यापार मंडल संघ के चीफ एडवाइजर तथा शिक्षा समिति के उपचेयरमैन उमेश अग्रवाल की माता लाजवंती देवी के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे।

उन्होंने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया और सांत्वना दी। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर पंकज भारद्वाज ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और दिवंगत श्रीमती लाजवंती देवी के परिजनों को ढांढस बंधया। भारद्वाज ने कहा कि प्रकृति भी अपना धर्म निभाती है। यह जीवन चक्र है। जो दुनिया में आया है, उसे जाना ही पड़ेगा। हमे अपने परिवार से जाने वाले दिवंगतों के पदचिन्हों पर चलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि लाजवंती देवी समाज से जुड़कर चली। उनके सामाजिक कार्यों से हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है। ऐसी समाजसेविका महिला को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने सदैव जरूरतमंदों की मदद में अहम भूमिका निभाई और सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में आगे रहकर समाज में काफी नाम कमाया। वे हमेशा शहर में पीड़ित और दुखियों की हमदर्द बनकर चली। भारद्वाज ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा करना व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य होता है। जिनकी सेवा करने से उन्नति के द्वार प्रशस्त होते है तथा वह व्यक्ति हमेशा खुश रहता है। उन्होंने यह भी कहा कि बुजुर्ग समाज की धरोहर हैं। जिनके ज्ञान व अनुभव से समाज तरक्की करता है।

इस मौके पर कांग्रेस पार्टी में पीसीसी मैंबर नंबरदार बीर सिंह खटाना दमदमिया, कांग्रेस नेता राकेश शर्मा साचौलिया, युवा कांग्रेस नेता नौरंग खटाना बेरका, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष अशोक उल्हावास आदि मौजूद थे।

महाराजा अग्रसेन जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा

मथुरा के राया से आने वाली शहनाई वादन, नपीरी पार्टी दर्शकों के आकर्षण का विशेष केन्द्र बनी रही

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह आयोजन के उपलक्ष्य में बाजार में सुंदर अति सुंदर, आकर्षक व शिक्षाप्रद झांकियां व शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा व झांकियों को देखने के लिए समूचा शहर उमड़ आया।

शोभायात्रा में मथुरा के राया से आने वाली शहनाई वादन, नपीरी पार्टी दर्शकों के आकर्षण का विशेष केन्द्र बनी। ध्यान योग्य यह है कि इससे पहले शहीद भगत सिंह फौहारा चौक से महाराजा अग्रसेन पार्क तक महाराजा अग्रसेन ध्वजा यात्रा निकालते हुए महाराजा अग्रसेन की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।

तत्पश्चात महाराजा अग्रसेन बैंकेट हॉल में ध्वजारोहण तथा महाराजा अग्रसेन पार्क में स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण हुआ। शहर में श्री सिंह गुरूद्वारा स्थल से शोभा यात्रा कार्यक्रम की शुरूआत हुई। शोभा यात्रा को सोहना अग्रवालसभा के प्रधान मास्टर सतीश गर्ग, सेठ सुभाष बंसल, सेठ विजय अग्रवाल, डाक्टर महेश गोयल, अग्रवाल वैश्य समाज के हलका प्रधान रोहित गर्ग आदि समेत समाज के प्रमुख लोगों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा फौहारा चौक, लेबर चौक और बाजार में विभिन्न सडक़ मार्गों से होते हुए अनाजमंडी स्थित अग्रवाल भवन पहुंची।

शोभायात्रा में मनमोहक झांकी व घोड़ा बग्घी पर सजे-धजे बैठे महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा का आकर्षण बिंदु रहे। जगह-जगह प्रसाद वितरण किया गया। बैंड-बाजों व महाराज अग्रसेन की सवारी के आगे श्रद्धालुओं का नृत्य और खुशी देखते ही बनती थी। शोभायात्रा में उमड़े जनसैलाब को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन को खासी मशक्कत करनी पड़ी। जनसैलाब को नियंत्रित करने के लिए शहर पुलिस थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देविन्द्र मान, शहर पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजबीर सिंह, सहायक उपनिरीक्षक अमीचंद पुलिस बल के साथ पसीना बहाते नजर आए। शोभायात्रा में अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान सेठ सुभाष बंसल, पूर्व प्रधान विजय अग्रवाल, बैंक मैनेजर विजय अग्रवाल, अग्रवाल वैश्य समाज के हलका प्रधान रोहित गर्ग, पंकज गुप्ता, अशोक गर्ग रेडीमेड वाले, नगरपार्षद नीरज सिंगला, राजन गर्ग, कपिल गर्ग, राहुल गर्ग व दिनेश गर्ग, केशवदेव जिंदल, सुभाष गुप्ता, टेकचंद बंसल, देशराज गोयल, प्रदीप गर्ग, बालकिशन गोयल, अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान जयप्रकाश गुप्ता सर्राफ, गल्ला व्यापारी यूनियन से यादराम आढ़ती, लाला महेश कुमार सिंगला, गल्ला व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान महेश आर्य, गौरव सिंगला, चिराग सिंगला, नवीन सिंगला, हर्षित गर्ग, दिवांश जिंदल, कार्तिक गुप्ता, प्रतीक गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, सागर गर्ग, मुकुल गर्ग, भारत गर्ग, अभिषेक सिंगला, योगेश गर्ग, अतुल सिंगला, राकेश बंसल आदि प्रमुख लोगों समेत अग्रवालसभा से जुड़े तमाम पदाधिकारियों व अंतरंग समिति के सदस्यों के साथ-साथ समाज के लोगों ने आपसी द्वेष भावना, पार्टीबाजी, गौत्रवाद आदि से ऊपर उठकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों से प्रेरणा लें : सुधीर सिंगला

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। स्थानीय अग्रवालसभा के तत्वावधान में आयोजित किए गए 2 दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह में मुख्यातिथि भाजपा विधायक सुधीर सिंगला एडवोकेट तथा भाजपा विधायक दीपक सिंगला ने महाराजा अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल समाज के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जी की शिक्षाओं को आज भी प्रासांगिक बताया।

ह्नोंने 'एक रुपया एक ईट' की सार्थकता का वर्णन करते हुए कहा कि समाज में अमीर-गरीब के बीच की खाई को पाटने व अपने राष्ट्र में बाहर से आकर बसने वाले गरीब परिवार की निर्धनता दूर कर आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने व समाज में बराबरी का दर्जा देने के लिए महाराजा अग्रसेन के बनाए गए उसूल आज भी उतनी अहमियत रखते है, जितनी सदियों पूर्व रखते थे।

भाजपा विधायक दीपक सिंगला ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी ने छत्तीस बिरादरी को एकजुट करने और अमीर-गरीब के बीच की खाई को पाटने के लिए समानता का नियम लागू किया था। जिसके तहत महाराजा अग्रसेन जी की नगरी में जब भी कोई नया परिवार आता था तो नगरी में रहने वाले प्रत्येक परिवार उसे 'एक ईंट-एक रुपया' आर्थिक मदद के रूप में देते थे ताकि वह परिवार भी ईंटों से अपना मकान, दुकान बना ले और पैसों से कारोबार शुरू कर नगरी में रहने वाले अन्य परिवारों के बराबर आर्थिक रूप से सम्पन्न हो जाए।

इस मौके पर अग्रवाल सभा के प्रधान सतीश कुमार, पूर्व प्रधान सेठ विजय गोयल, पूर्व प्रधान लाला सुभाष बंसल, पूर्व प्रधान जयप्रकाश गुप्ता सर्राफ, प्रोजेक्ट चेयरमैन विनोद गर्ग पंप वाले, डाक्टर महेश गोयल अग्रवाल समाज के युवा नेता व व्यापारमंडल संघ के उपाध्यक्ष रोहित गर्ग आदि वक्ताओं ने कहा कि हमें आपसी भेदभाव भूल राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर स्वच्छता, पौधारोपण और सामाजिक कार्यों में आगे आना चाहिए।

पर्यावरण की शुद्धि के लिए प्रतिदिन करना चाहिए हवन : स्वामी मुक्तानंद सरस्वती

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। गांव खेड़ला स्थित वैदिक योग सन्यास आश्रम सोमनाथ में सवा लाख गायत्री महायज्ञ में विश्वकल्याण की मंगलकामना के लिए आहूति डालते हुए स्वामी विजयवेश परिवराजक और स्वामी मुक्तानंदा सरस्वती ने कहा कि हवन करने से ना केवल वातावरण शुद्ध होता है बल्कि प्रदूषण पर रोक लगाने में मदद मिलती है।

मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए स्वामी विजयवेश परिवराजक और स्वामी मुक्तानंदा सरस्वती महाराज तथा स्वामी धर्मदास ने तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण पर गहरी चिंता जताई और प्रदूषण को खत्म करने के लिए प्रतिदिन हवन-यज्ञ करने का सुझाव दिया। उन्होने कहा कि यज्ञ पर्यावरण सुरक्षा का सशक्त माध्यम है। यज्ञ में दी जाने वाली आहूति की सुगंध से पर्यावरण शुद्ध होता है। उन्होंने कहा कि साथ ही वेद मंत्रोच्चारण से आत्मिक शुद्धि भी होती है। पर्यावरण प्रदूषण की समस्या को दूर करने में यज्ञ का अहम योगदान है और हमारी प्राचीन व धार्मिक परम्पराएं पूरी तरह विज्ञान सम्मत है। स्वामी विजयवेश परिवराजक तथा स्वामी मुक्तानंदा सरस्वती समेत विभिन्न वक्ताओं ने बताया कि महर्षि स्वामी दयानंद ने भी कहा था कि पर्यावरण की शुद्धि और सुखों की वृद्धि के लिए प्रतिदिन नित्य रूप में सुबह-शाम हवन-यज्ञ करना चाहिए।

कूड़ा निस्तारण प्लांट का संयुक्त आयुक्त ने किया औचक दौरा

सही से निष्पादन करने के निर्देश भी एजेंसी प्रतिनिधियों को दिए

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। गांव बंधवाड़ी स्थित कूड़ा निस्तारण प्लांट का रविवार को नगरनिगम में संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार ने औचक दौरा कर हालातों का जायजा लिया।

उन्होंने वहां पर सभी एजेंसियों द्वारा किए जा रहे लिगेसी वेस्ट निष्पादन साईटों का दौरा किया। संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार ने कहा कि लिगेसी वेस्ट का निष्पादन करने वाली एजेंसियां अपने कार्य में और अधिक तेजी लाएं क्योंकि पिछले कुछ दिनों से गति धीमी होने के चलते निर्धारित लक्ष्यों को पूरा नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा कि एजेंसियां यह सुनिश्चित करें कि उनको दी गई समयसीमा के भीतर वो अपना कार्य पूरा करें। अगर एजेंसी समय सीमा के भीतर कार्य पूरा नहीं करती है तो उन पर नियमानुसार जुर्माना व अन्य कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल काफी गंभीर है तथा हमें जल्द से जल्द लीगेसी डा. नरेश कुमार ने प्लांट के प्रत्येक हिस्से में जाकर मौका-मुआयना किया तथा स्पष्ट निर्देश दिए कि प्लांट की सीमा के बाहर लीचेट का रिसाव किसी भी सूरत में नहीं होना चाहिए। उन्होंने लीचेट का सही से निष्पादन करने के निर्देश भी एजेंसी प्रतिनिधियों को दिए। उन्होंने कहा कि एजेंसियां यह सुनिश्चित करें कि टैंकरों के माध्यम से लीचेट को निर्धारित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर पहुंचाए ताकि बंधवाड़ी में लीचेट जमा ना हो। उन्होंने कहा कि कचरा निष्पादन के बाद निकलने वाले आरडीएफ, कंपोस्ट तथा इनर्ट का निष्पादन सही प्रकार से सुनिश्चित किया जाए। इनके निष्पादन में लगी गाड़ियों में जीपीएस लगा होना चाहिए।

आस्था

इस अवसर पर होती है देवी मां की विशेष आराधना

नवरात्रों में मची धूम : मां भुवनेश्वरी मंदिर में लगा श्रद्धालुओं का तांता

रोजाना मंदिर को फूलों से सजाया जाता हैआराधना करने वाले भक्तों की पूरा दिन भीड़ लगी रहती है

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। खंड के गांव भौंड़सी स्थित भारत यात्रा केन्द्र में बने मां भुवनेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं का दिन भर तांता लगा हुआ है। बता दें कि इस मंदिर में नवरात्रों के दिन विशेष पूजा आयोजन किया जाता है। मंदिर को फूलों से हर रोज सजाया जाता है। यहां मां की आराधना करने वाले भक्तों की सारे दिन भीड़ लगी रहती है।

माता की भव्य मूर्ति

इस गुफानुमा मंदिर में माता की अष्ठ धातु से निर्मित सुंदर मूर्ति है। उसी के साथ-साथ कई मूर्तियां स्थापित है। मंदिर में रामायण, श्रीमदभागवत गीता का पुजारी पाठ करते रहते है। नवरात्रों में व एक जनवरी को यहां विशेष तौर पर भंडारे का आयोजन व पूजा पाठ होती है और 21 दिन से लेकर एक महीने तक हवन-यज्ञ अनुष्ठान किए जाते है। श्रद्धालुओं का कहना है कि आसपास के कई दानीदाताओं ने यहां भव्य मूर्ति स्थापित कर रमणीक मंदिरों का निर्माण किया हुआ है और यहां एक गौशाला भी बनी हुई है।

मंदिर के महंत स्वामी कमलदेव जी बताते है कि यह मंदिर सिद्ध मंदिर है। शाम 6 बजे की आरती विशेष महत्व रखती है। नवरात्रों में सुबह-शाम की आरती लेने वाला श्रद्धालु पुण्य कमाता है। वे स्वयं आरती में मां की आराधना कर भक्तजनों को प्रसाद देते है। यह प्रसाद श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है। पिछले 39 सालों से मां की आराधना व पूजा पाठ करते आ रहे है। देवी मां की आराधना के अवसर पर मंदिर के भक्तों के अलावा आसपास के श्रद्धालु इस आरती में विशेष रूप से शामिल होकर मां की आराधना करते है। यहां की गई आराधना से निश्चित तौर पर मां का आशीर्वाद भक्तजनों को मिलता है। कई बार यहां जंगली जानवर भी आ जाते है, जो मां के मंदिर के दरवाजे के सामने बैठकर किसी से कुछ कहे बिना चुपचाप लौट जाते है।

सोहना ब्लॉकसमिति के पूर्व उपाध्यक्ष एवं भौंड़सी निवासी राजेश राघव का कहना है कि मंदिर की बहुत महता है। गांव के लोग इस मंदिर की पर्याप्त देखभाल करते है। कमेटी पूरा ध्यान रखती है। गांव के पूर्व सरपंच संजय राघव बताते है कि भौंड़सी के साथ-साथ आसपास गांवों में रहने वाले ग्रामीण भी इस मंदिर से पूरी आस्था रखते है। जब भी कोई कार्यक्रम होता है, गांव की पंचायत पूरा सहयोग करती है।

मंदिर का इतिहास

इस मंदिर का जीर्णोद्धार पूर्व प्रधानमंत्री एवं सोहना क्षेत्र में कुटिया वाले बाबा के नाम से जाने जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चन्द्रशेखर सिंह ने 39 साल पहले 1984 में करवाया था। वर्षों से यहां के महंत स्वामी कमलदेव जी इस मंदिर में पूजा अर्चना करते आ रहे है तथा उन्होंने मां के चरणों में ही अपना जीवन समर्पित किया हुआ है। जरूरतमंद बीमार भक्तजनों को देशी दवाई देकर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाते है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि उनके गुरू अवधूत भगवान राम के देहांत के बाद इस मंदिर में पूजा पाठ स्वामी जी ही करते आ रहे हैं।

मंदिर की विशेषता

पहाड़ी पर बनी गुफा के सामने करीब 125 फुट ऊंची श्री शिवशंकर जी की मूर्ति अनायास ही भक्तजनों को आकर्षित करती है। छोटी-छोटी गुफाएं भी बरबस ही श्रद्धालुओं का मन मोह लेती है। यहां देवी मां का सुंदर मंदिर है, जिसमें देवी मां विराजमान है। मंदिर फूलों से सजा रहता है। यहां भक्तों को शांति का अहसास होता है। मंदिर के नीचे पहाड़ी तलहटी में शिव-पार्वती, हनुमान जी, श्रीराम, कृष्ण-राधा के मंदिर भी बने हुए है। पहाड़ी की तलहटी में कदंब के पेड़ की छांव के नीच बना है मंदिर। जो भक्त यहां सच्चे मन से आराधना कर मां से जो भी मांगता है, उसकी मन्नतें पूरी होती है।

कैसे पहुंचे श्रद्धालु मंदिर में

जो श्रद्धालु इस मंदिर में पहुंचना चाहते हैं उनके लिए बड़ा ही आसान रास्ता है। यहां आने में उन्हें कोई असुविधा नहीं होगी। सोहना के गांव भौंड़सी में बीएसएफ कैंप के साथ से एक रोड भारत यात्रा केन्द्र भौंड़सी को जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत चन्द्रशेखर जी की कुटिया के साथ ही पहाड़ियों की श्रंखलाओं में मां भुवनेश्वरी मंदिर स्थापित है। पहले यहां बस की सुविधा थी लेकिन अब यहां भक्तजन अपने निजी वाहनों से ही पहुंच सकते है। मेन सोहना-गुरूग्राम रोड से इस मंदिर की दूरी करीब 2 किलोमीटर है।

भक्तों को मिलता है गाय का दूध, छाछ व प्रसाद

गांव भौंड़सी में रहने वाले राजेश राघव, रामकिशन राघव, अमरकिशोर शर्मा, दीपक गुप्ता, यशबीर राघव, प्रदीप गुप्ता, अनिल राघव, लवली राघव, छाजूराम शर्मा, डाक्टर श्याम राघव, पूर्व सरपंच अनिता देवी, पूर्व सरपंच राजकपूर आदि का कहना है कि इस मंदिर के द्वार भक्तजनों के लिए हमेशा खुले रहते हैं। कोई भक्तजन यहां रामायण का पाठ कराए तो उसे पूरी सुविधा मिलती है। श्रद्धालुओं को यहां पूजा अर्चना के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाता है। भंडारे के दौरान भी यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम, पूजा अर्चना का विशेष प्रबंध होता है। श्रद्धालुओं को माता के दर्शन के लिए कोई रोकटोक नहीं होती। यहां के महंत बाबा भक्ति में लीन रहते हैं। यहां आने वाले हर श्रद्धालु को गाय का दूध, छाछ व प्रसाद दिया जाता है।

खबर फटाफट

डा. सुधा यादव को दी जन्मदिन की बधाई

गुरुग्राम। भाजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड चुनाव समिति की सदस्या पूर्व सांसद डा. सुधा यादव को जन्मदिन की बधाई देने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी, भाजपा नेत्री व दादरी प्रभारी पूनम भटनागर, भाजपा पर्यावरण संरक्षण विभाग के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल, आरडब्ल्यूए न्यू कालोनी सेंटर ग्राउण्ड के प्रधान दलीप लूथरा ने बुके देकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि डा. यादव ने अपने कार्यकाल के दौरान गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र में काफी विकास कार्य कराए थे। पार्टी की केंद्रीय टीम में रहते हुए डा. सुधा यादव पार्टी हित में कार्य तो कर ही रही हैं, साथ ही हरियाणा के कार्यकर्ताओं को भी साथ लेकर चल रही हैं। कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से भी वे मिलकर पार्टी संबंधी चर्चा करती हैं। पार्टी के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित और मार्गदर्शन करती हैं।

डंपर छीनने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

गुरुग्राम। डंपर छीनने के मामले में पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 25 अगस्त 2017 को थाना बादशाहपुर में एक व्यक्ति ने एक लिखित शिकायत गाड़ी में सवार होकर आए 5-6 व्यक्तियों द्वारा उसका हाईवा डंपर व इसके ड्राईवर का मोबाईल फोन छीनकर ले जाने के संबंध में दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर एक और आरोपी अशोक को फरीदाबाद से काबू कर लिया है। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता के डम्पर के आगे गाडी लगाकर डम्पर छीन लिया व डम्पर चालक को गाड़ी में बैठाकर सोहना रोड पर छोड दिया। उसके खिलाफ लूट और छीना-छपटी के 2 मामले फरीदाबाद में भी दर्ज हैं। इससे पूर्व पुलिस 2 युवकों को काबू कर चुकी है, जिनसे छीना हुआ डंपर व वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी बरामद की जा चुकी है।

शिव पार्वती संवाद, नारद तप आदि लीलाओं का किया मंचन

गुरुग्राम। न्यू कालोनी स्थित गीता भवन की श्रीसनातन धर्मसभा द्वारा 76वें श्री रामलीला मंचन के दौरान शिव-पार्वती संवाद, नारद तप, इंद्र आसन का डोलना, नारद का कामदेव पर विजय पाना, विष्णु का विश्वमोहिनी से विवाह करना, विष्णु द्वारा नारद को वानर रुप देना और नारद द्वारा विष्णु को श्राप देने आदि प्रसंगों का बड़े ही सुंदर तरीके से मंचन किया गया। गीता भवन व केंद्रीय श्रीसनातन धर्मसभा के प्रधान तथा रामलीला के डायरेक्टर सुरेंद्र खुल्लर एवं प्रवक्ता बालकृष्ण खत्री ने बताया कि भगवान शिव से पावर्ती जी प्रश्न करती हैं कि आप हमेशा राम नाम का जप क्यों करते हो तो इस पर भगवान शिव पार्वती से कहते हैं कि राम का जन्म राक्षण के विनाश व जगत कल्याण के लिए हुआ है। राम ही राक्षसों का विनाश करेंगे। इसके बाद नारद द्वारा समाधि लगाए जाने के दृश्य का मनमोहक तरीके से मंचन किया गया। नारद के तप के कारण भगवान इंद्र का सिंहासन डोलने लगा। सभी देवतागण भयभीत हो उठे तो इंद्रदेव ने अप्सराओं व कामदेव को नारद जी की तपस्या भंग करने के लिए भेजा, लेकिन वे तपस्या भंग नहीं कर पाए। कामदेव नारद जी से क्षमा याचना करते हुए वापिस चले गए। नारद जी भगवान विष्णु, इंद्र व शिव के पास जाकर कहते हैं कि उन्होंने कामदेव पर विजय प्राप्त कर ली है। विष्णु जी कहते है कि उनका काम जगत का कल्याण करना है। इसके बाद भगवान विष्णु विश्वमोहिनी से स्वयंवर रचाते हैं। इन दृश्यों को देखकर दर्शकों ने कलाकारों के प्रयासों की सराहना की।

अपने हक की आवाज उठाना हुआ आसान, जनमानस के लिए सीएम विंडो सेवा बनी समाधान

शिकायतकर्ता की संतुष्टि हमारी प्राथमिकता : निशांत कुमार

डीसी बोले, 8663 शिकायतों में 8325 का हुआ निवारण

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। लोकतांत्रिक व्यवस्था में अंत्योदय उत्थान की परिकल्पना तभी संभव है जब समाज की अंतिम पंक्ति का व्यक्ति सत्ता के प्रधान सेवक से सीधे संवाद कर अपनी बात रख सके। संकल्प से सिद्धि की इस महत्वपूर्ण यात्रा में नागरिक की संतुष्टि वह प्रमुख कारक है जो इस यात्रा को सही मायनों में परिपूर्ण करता है। हरियाणा में पिछले नौ वर्षों में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की जनसेवा की दूरदृष्टिता का परिचायक बनी सीएम विंडो विभिन्न कारणों से नागरिक सेवा केंद्रों से निराश नागरिकों की संतुष्टि का प्रमुख माध्यम बनी है। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि एक मजबूत शिकायत निवारण तंत्र किसी भी पारदर्शी और प्रभावी सरकार का बेंचमार्क होता है। इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा 25 दिसंबर 2014 को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर इस सेवा की शुरुआत की गई थी। उन्होंने बताया कि पूर्व में लोगों के पास कोई ऐसा प्लेटफार्म नहीं था जहां वे अपनी समस्याओं को ले जा सकते थे और उन्हें हल कर सकते थे। ऐसे में शिकायतों के निवारण के इस महत्वकांक्षी सेवा पोर्टल से हरियाणा के प्रत्येक जिले में आमजन को निर्धारित अवधि के भीतर अपनी समस्या का हल प्राप्त हो रहा है। डीसी ने सीएम विंडो पर पिछले नौ वर्षों की विस्तृत रिपोर्ट सांझा करते हुए बताया कि दिसंबर 2014 से अभी तक जिला में कुल 8 हजार 663 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें से 8 हजार 325 शिकायतों का शिकायतकर्ता की संतुष्टि के साथ निवारण किया गया है।

तीन दिन में बना पशु किसान क्रेडिट कार्ड : किरण

सीएम विंडो पर शिकायत की तो तीन दिन में बना पशु किसान क्रेडिट कार्ड जिला के साढराणा गांव निवासी किरण ने सीएम विंडो पर अपनी शिकायत निवारण की प्रक्रिया के अनुभव सांझा करते हुए बताया कि नाबार्ड कैम्प में उन्होंने पशु किसान क्रेडिट कार्ड के लिए पीएनबी बैंक में आवेदन पत्र भरा था। जिसमें करीब 2 महीने तक बैंक कर्मियों का असहयोगात्मक रवैया रहा। उन्होंने बताया कि बैंक की निराशाजनक सेवाओं से परेशान आकर मैंने सीएम विंडो पर शिकायत की। जिसके बाद बैंक ने उनके आवेदन पर विचार करते हुए मात्र तीन दिनों में लोन उनके खाते में ट्रांसफर कर दिया। किरण ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की दूरदर्शी सोच के साथ गरीबों व वंचितों के लिए शुरु की गई सीएम विंडो सेवा निश्चित रूप से हम जैसे परिवारों के आर्थिक उत्थान में निर्णायक साबित हो रही हैं। कैसे काम करता है सीएम विंडो गुरुग्राम में सीएम विंडो का काम देख रहे आशु वशिष्ठ बताते है कि सबसे पहले हरियाणा सीएम विंडो की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं और दिए गये निर्देशों को पढे।

सीएम विंडो पर ऐसे करें शिकायत

आशु ने बताया कि शिकायतकर्ता अपनी शिकायत को विभिन तरीको से रजिस्टर करवा सकते है। पहले आप लघु सचिवालय में डीसी कार्यालय व उप मंडल कार्यालय में सीएम विंडो काउंटर पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हो। दूसरा, आप मुख्यमंत्री आवास या मुख्यमंत्री या मंत्रियों के कार्यालय, हरियाणा सचिवालय, सेक्टर-1 चंडीगढ में भी जाकर अपनी शिकायत दर्ज सकते हो। ऑनलाइन चेक कर सकते हैं शिकायत का स्टेटस अगर आपने सफलतापूर्वक शिकायत दर्ज कर दी है तो आपको रजिस्ट्रेशन नंबर मिलेगा। उस रजिस्ट्रेशन नंबर व अपने मोबाइल नंबर की मदद से आप अपनी शिकायत का स्टेटस देख पाएंगे। शिकायत का स्टेटस देखने के लिए स्टेप्स फॉलो करे। सबसे पहले आप हरियाणा सीएम विंडो पोर्टल पर जाए। उसके बाद ट्रेक ग्रीवेंस पर क्लिक करे। उसके बाद आप अपनी सभी जानकारी भरे। इसके बाद आप अपनी शिकायत का स्टेटस देख सकेंगे। सीएम विंडो पर शिकायत का समाधान कब होगा। सामान्य तौर पर सीएम विंडो पर लगाई गई शिकायत का समाधान 30 दिनों के भीतर भीतर कर दिया जाता है। यदि शिकायतकर्ता की गई कार्यवाही से संतुष्ट नहीं होता है तो वह दोबारा से भी सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज करवा सकता है।

दैनिक भरोसा से शीतला माता मंदिर के पं. हरिओम पुजारी की खास बातचीत

4 सौ साल पुराना है माता शीतला का मंदिर : हरिओम पुजारी

गुड़गांव के सिंघा जाट नाम के व्यक्ति को माता ने दिये थे दर्शन

पाताल उपाध्याय, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। शीतला माता मंदिर के पुजारी हरिओम ने दैनिक भरोसा से खास बातचीत में बताया कि गुरुग्राम स्थित माता शीतला का मंदिर करीब चार सौ साल पुराना है। यहां के स्थानीय लोगों का मानना है कि करीब ढाई-तीन सौ साल पहले शीतला माता ने गुड़गांव के सिंघा जाट नाम के व्यक्ति को सपने में दर्शन दिया था और यहां मंदिर बनाने के लिए कहा था। मान्यता है कि माता यहां साक्षात वास करती हैं। आपको बता दें माता शीतला के इस मंदिर में हर साल नवरात्रों में भक्तों का तांता लगता है। हजारों की संख्या में भक्त दूर दराज के स्थान से माता के दर्शन के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि चैत्र नवरात्रि शुरू हो गई है। इस दौरान माता के सभी नौ स्वरूपों की पूजा की जा रही है, भक्त तमाम तरह के अनुष्ठान कर रहे हैं। माता जगदंबा के मंदिरों में भीड़ है। इस दौरान हम माता के प्रिय फूलों को उन्हें अर्पित करें तो वह आसानी से प्रसन्न होकर मनोकामनाएं पूरी करेंगी।

नवरात्रों में ऐसे करें माता की पूजा

पं. हरिओम पुजारी ने बताया कि धार्मिक ग्रंथों के अनुसार माता दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री को लाल गुड़हल और सफेद कनेर का फूल प्रिय है। इसलिए नवरात्रि के पहले दिन माता की पूजा में इस रंग के फूल अर्पित करने से माता की कृपा प्राप्त होगी। नवरात्रि के दूसरे दिन माता दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजी की जाती है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार माता ब्रह्मचारिणी को गुलदाउदी का फूल प्रिय है। दूसरे दिन की पूजा में माता को गुलदाउदी का फूल चढ़ाना चाहिए। माता दुर्गा का तीसरा स्वरूप माता चंद्रघंटा हैं। नवरात्रि के तीसरे दिन इनकी पूजा की जाती है। इन्हें कमल और शंखपुष्पी का फूल प्रिय है। मान्यता है कि भक्त ये फूल मां को चढ़ाएं तो जल्द उन्हें प्रसन्न कर उनकी कृपा पा सकते हैं। माता दुर्गा का चौथा स्वरूप माता कूष्मांडा हैं। नवरात्रि में चौथे दिन इस स्वरूप की पूजा की जाती है। माता को पीले रंग का फूल प्रिय है। इसमें भी चमेली का फूल उनको सबसे अधिक पसंद है। माता दुर्गा का पांचवा स्वरूप मां स्कंद माता हैं। वात्सल्यमयी स्कंदमाता को पीले रंग का फूल प्रिय है। मान्यता है कि जो भक्त पांचवें दिन की पूजा में पीले रंग का फूल शामिल करते हैं, माता उन्हें सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं। मान्यता है कि माता कात्यायनी को गेंदे का फूल और बेर का फूल प्रिय है। इस स्वरूप की पूजा नवरात्रि के छठें दिन होती है। इनकी पूजा में गेंदे और बेर का फूल शामिल करने पर माता विशेष कृपा करती हैं। आठवें दिन माता महागौरी की पूजा की जाती है, माता महागौरी को रात रानी का पुष्प चढ़ाना चाहिए। इनकी कृपा से राहु संबंधित दोष दूर होते हैं। इस स्वरूप को चंपा और गुड़हल का फूल प्रिय है। इन पुष्पों से नवमी के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा करने से मां प्रसन्न होती हैं और भक्तों को आशीर्वाद देती हैं।

प्रदेशाध्यक्ष होने पर भी अपने आपको मानता हूं आम कार्यकर्ता : ओमप्रकाश धनखड़

भाजपा की रीति नीति का आधार हमारे कार्यकर्ता होते हैं

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। समर्पित कार्यकर्ता पार्टी को शिखर तक पहुंचा सकता है। पार्टी के कार्यक्रमों एवं नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का कार्य भी एक समर्थ कार्यकर्ता ही करता है। उक्त उद्गार भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव चेयरमैन के आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं से व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वह एक कार्यकर्ता के रुप में अपने पुराने साथी कार्यकर्ता के परिवार से कुशलक्षेम पूछने आए हैं। उनका कहना है कि वे प्रदेशाध्यक्ष होने पर भी स्वयं को एक कार्यकर्ता के रुप में देखते हैं।

भाजपा एक पार्टी नहीं बल्कि परिवार है। इस अवसर पर भाजपा के मुकेश जैलदार, दिनेश यादव, मनोज तंवर, चौधरी सुरेंद्र आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ प्रदेश मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी के घर पहुंचे और परिवार का कुशलक्षेम पूछा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा पार्टी नहीं परिवार है। भाजपा की रीति नीति का आधार हमारे कार्यकर्ता होते हैं। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

हरेरा ने पहली बार किसी बिल्डर को दिया आदेश

कब्जा देने की अवधि तक 10.75 प्रतिशत ब्याज दर से शिकायतकर्ता को भुगतान किया जाए

गुरुग्राम। बिल्डर व संपत्ति क्रेता के बीच खरीदे गए भवन का कब्जा न दिए जाने के मामले बड़ी संख्या में हरियाणा रियल एस्टेट रेग्युलेटरी अथॉरिटी (हरेरा) गुरुग्राम में लंबित पड़े हैं। जिनका निपटारा हरेरा समय-समय पर करता भी रहा है। इसी क्रम में हरेरा ने महिला शिकायतकर्ता की शिकायत की सुनवाई करते हुए बिल्डर को आदेश दिए हैं कि जो तिथि दुकान का कब्जा देने की निश्चित थी और उसके बाद भी कब्जा नहीं दिया गया, वास्तव में कब्जा देने की अवधि तक 10.75 प्रतिशत ब्याज दर से शिकायतकर्ता को भुगतान किया जाए। हरेरा गुरुग्राम ने इस प्रकार का यह आदेश किसी बिल्डर को पहली बार दिया है। सैक्टर 72 की शिकायतकर्ता पूनम सचदेव के अधिवक्ता आशीष बुद्धिराजा से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूनम ने 17 अगस्त 2015 को एक दुकान सैक्टर 70 में शाइन बिल्डकॉन बिल्डर के यहां बुक कराई थी, जिसका कब्जा 28 जनवरी 2030 तक शिकायतकर्ता को देना था। लेकिन बिल्डर ने उसे कब्जा नहीं दिया। शिकायतकर्ता ने 19 अक्तूबर 2022 को हरेरा में बिल्डर के खिलाफ शिकायत फाइल कर दी। जिस पर हरेरा ने सुनवाई करते हुए फैसला दिया कि दुकान का कब्जा दिए जाने की तिथि 28 जनवरी 2020 थी। लेकिन बिल्डर ने कब्जा नहीं दिया। जिस पर बिल्डर शिकायतकर्ता को 10.75 प्रतिशत सालाना ब्याज जमा राशि पर जब तक वास्तव में दुकान का कब्जा नहीं दिया जाता, शिकायतकर्ता को देगा। हरेरा ने बिल्डर को आदेश दिया है कि प्रदेश सरकार से ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट प्राप्त कर शीघ्र ही शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराए और दुकान का कब्जा भी दे।

उपभोक्ता के बिल में लगाए गए अतिरिक्त चार्ज गलत : कोर्ट

बिजली निगम को आदेश , 75 हजार 733 रुपये आने वाले बिलों में समायोजित करना होगा

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। बिजली निगम द्वारा उपभोक्ता के बिल में अतिरिक्त चार्ज के अमाउंट के मामले की सुनवाई करते हुए सिविल जज संचिता सिंह की अदालत ने बिजली निगम की इस कार्यवाही को गलत पाते हुए बिजली निगम को आदेश दिए हैं कि 75 हजार 733 रुपए की धनराशि को आने वाले बिलों में समायोजित किया जाए। अदालत ने उपभोक्ता के हक में फैसला देते हुए कहा कि उपभोक्ता चाहे तो इस मामले से संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही भी कर सकता है। ज्योति पार्क के उपभोक्ता राजेश आनंद के अधिवक्ता क्षितिज मेहता से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश आनंद की न्यू कालोनी स्थित जितेंद्र बहल पार्क के पास एक दुकान है, जिसमें बिजली का कनेक्शन लगा हुआ है। उसके बिजली के बिल में 75 हजार 733 रुपए की अतिरिक्त धनराशि दिखाई गई। जिस पर उसने बिजली निगम के अधिकारियों से जानकारी हासिल की तो उसे बताया गया कि वर्ष 2014 से यह धनराशि उस पर बकाया चल रही है और यह धनराशि कुछ बिजली की रीडिंग की है। जिनका उसने भुगतान नहीं किया था। लेकिन इस बारे में बिजली निगम ने कोई जानकारी नहीं दी और उसे धमकाया कि वह पूरी धनराशि जमा कर दे, नहीं तो उसका बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा। इसलिए मजबूर होकर उसने बिल की 82 हजार 903 रुपए की पूरी धनराशि जमा करा दी। जिसमें यह समायोजित धनराशि भी शामिल थी और 4 सितम्बर 2018 को बिजली निगम के खिलाफ अदालत में केस दायर कर दिया।

विधायक व पूर्वमंत्री ने स्व. मांगेराम शर्मा को अर्पित किए श्रद्धासुमन

गुरुग्राम। ब्राह्मण शिरोमणि स्व. मांगे राम शर्मा के निधन पर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने वालों का उनके सैक्टर 5 स्थित आवास पर सामाजिक, धार्मिक व राजनैतिक संगठनों के प्रतिनिधियों का तांता लगा हुआ है। दिनेश वशिष्ठ ने बताया कि प्रदेश के पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा व स्थानीय विधायक सुधीर सिंगला ने सैक्टर 5 पहुंचकर मांगेराम शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उनका कहना है कि मांगेराम शर्मा ने सरकार के माध्यम से श्री शीतला माता मंदिर में अनेक विकास कार्य कराए और वह हमेशा समाजसेवा के क्षेत्र में अपना योगदान देते रहे। इसके अलावा एनआईटी फरीदाबाद के विधायक नीरज शर्मा, प्रोटोकॉल ऑफिसर वत्सल वशिष्ठ, जीएवी स्कूल के चेयरमैन प्रदीप कौशिक, डा. नरहरि बांगड़, नरेश सहरावत, परमिंद्र कटारिया, अश्विनी शर्मा, लाल सिंह यादव आदि ने दिवंगत स्व. मांगेराम शर्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

रामलीला | दूसरे दिन श्रीराम जन्म की लीला का किया मंचन

महाराजा दशरथ ने भगवान राम और लक्ष्मण को विश्वामित्र को सौंपा

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। भीम नगर स्थित श्रीकृष्ण मंदिर की श्री सनातन धर्मसभा द्वारा 70वें श्रीरामलीला आयोजन के दूसरे दिन भगवान श्रीराम जन्म की लीला का मंचन धूमधाम से किया गया। संस्था के प्रधान पवन पाहूजा व चीफ डायरेक्टर एसके मल्होत्रा ने बताया कि रामलीला की शुरुआत महाराजा दशरथ के दरबार से हुई, जिसमें ऋषि श्रृंगी का आगमन होता है। राजा दशरथ पुत्र प्राप्ति की कामना ऋषि से करते हैं, जिस पर ऋषि राजा दशरथ को पुत्रेष्ठी यज्ञ करने का आग्रह करते हैं। महाराजा दशरथ के पुत्रों का जन्म होता है तो पूरा राज्य खुशियों से झूम उठता है। प्रजा राजा दशरथ को शुभकामनाएं देती है। मंगल गीतों का गायन किया जाता है और भगवान श्रीराम को झूला झुलाया जाता है। इन सभी दृश्यों को देखकर दर्शक भाव-विभोर हो उठे। उन्होंने बताया कि दूसरे दृश्य के दौरान ऋषि विश्वामित्र ने राजा दशरथ से भेंट कर उन्हें जंगल में राक्षसों के आतंक के बारे में जानकारी दी। जिस पर उन्होंने दशरथ से भगवान श्रीराम व लक्ष्मण को वन में साथ लेकर जाने का आग्रह किया। जिस पर राजा दशरथ ने अपने भगवान श्रीराम व लक्ष्मण को विश्वामित्र के साथ भेज दिया, ताकि वे ऋषियों को राक्षसों के आतंक से मुक्त करा सकें।

खबर फटाफट

पुलिस ने 10 गौधन कराए मुक्त, 2 पर मामला दर्ज

तावडू। उपमंडल के गांव सीलखो के समीप से पुलिस ने सूचना पर नाकाबंदी की 10 सांड गौधन को मुक्त कराया। जबकि गौकसी करने वाले 2 नामजद व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर भागने में कामयाब रहे। पुलिस ने नामजद 2 व्यक्तियों के खिलाफ गौवध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस क्राईम की रोकथाम के लिए गांव सीलखो मोड़ पर मौजूद थी कि सूचना मिली कि गांव सीलखो निवासी फकरू व गांव पल्ला निवासी अजरु मिलकर गऊकशी का धन्धा करते हैं। जो आज भी सीलखो गांव के जंगल से गौधन को गलजोड़ करके गऊकशी करने के लिये कुलावट राजस्थान लेकर जा रहे हैं। पुलिस ने सूचना पर नाकाबंदी की तो सीलखो से क्रेशर जोन रास्ता पर थोड़ा आगे चलते ही दाहीनी तरफ खेतों की तरफ से दो व्यक्ति गौधन को गलजोड़ करके लाते हुए दिखाई दिए। जिनमें से एक के हाथ में एक कटटा प्लास्टिक था। जो दोनों व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखते ही गौधन को वही पर छोड़ कर व कट्टा प्लास्टिक को वही पर फेंक कर खंडर नाले कि तरफ भाग गए। पुलिस मौके पर पहुंची जहां 10 सान्ड गौधन आपस में गलजोड़ किऐ हुऐ मिले, जिनको गलजोड से अलग किया। जो कटटा प्लास्टिक को खोल कर चैक करने पर कटटा में दो छुरी व एक कुल्हाड़ी बरामद हुई। पुलिस ने उक्त नामजद व्यक्तियों के खिलाफ गौवध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

कर्मचारियों ने बढ़ाई हड़ताल

तावडू। शहर के बाईपास पर स्थित खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में गत 13 अक्टूबर से चली आ रही ग्रामीण सफाई कर्मियों की मांगों को लेकर हडताल मांगे पूरी न होने पर आगे बढा दी गई है। यह जानकारी ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के ब्लाक प्रधान सुनील कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा मांगे पूरे न करने के चलते अब फिर से हडताल बढा दी गई है। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कर्मचारियों ने कच्चे सफाई कर्मचारियों को पक्का करने, सफाई कर्मचारियों का कल्याण और भत्ता देने आदि मांगे रखी गई।

तावडू में आगामी 20 अक्टूबर को मां भगवती का जागरण किया जाएगा

तावडू। उपमंडल के गांव खोरी कलां के हनुमान नगर में केएलवी स्कूल के समीप आगामी 20 अक्टूबर को हनुमान नगर महा संगठन सोसायटी के तत्वाधान में मां भगवती जागरण का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि सोहना-तावडू विधायक कंवर संजय सिंह भाग लेंगे। यह जानकारी ग्राम पंचायत खोरी कलां के सरपंच सुरेश प्रजापति ने दी।
उन्होंने बताया कि जागरण में मानु झांकी एंड आर्ट ग्रुप, अलवर से दीपक म्यूजिकल ग्रुप व सुनील जांगिड तथा नेहा अरोडा आदि कलाकारों को माता का गुणगान करने के लिए आमंत्रित किया गया। वहीं वृंदावन से महेश पतशरिया को भी आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम में जिला पार्षद हरशरण कोटा, नगर परिषद वार्ड नंबर 14 भिवाडी तेजप्रताप सिंह आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि जागरण की तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं।

फीरोमैन ट्रैप, लाइट ट्रैप व स्टीकी ट्रैप का उपयोग करें किसान

नूंह। बागवानी फसलों को हानिकारक कीटों के नुकसान से बचाने के लिए फीरोमैन ट्रैप, लाईट ट्रैप व स्टीकी ट्रैप का उपयोग करने के लिए बागवानी विभाग की ओर से 75 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जा रहा है। यह योजना पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आधारित है। जिला उद्यान अधिकारी डा. दीन मोहम्मद ने बताया कि बारिश के मौसम में बागवानी फसलों को हानिकारक कीट पतंगे नुकसान पहुंचाते है। कीटों के नुकसान से बागवानी फसलों को बचाने के लिए फीरोमैन ट्रैप, लाईट ट्रैप व स्टीकी ट्रैप का उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि अलग-अलग फसलों के लिए अलग-अलग फीरोमैन ट्रैप का उपयोग किया जाता है। इसके लिए एक किसान के लिए अनुदान की अधिकतम सीमा 10 एकड़ है। ट्रैप का उपयोग करने से हानिकारक कीट पतंगों से फसल का बचाव हो जाता है व कीटनाशकों पर किसान का खर्चा नहीं होता जिससे फसल की गुणवत्ता अच्छी होती है।

पुलिस ने साइबर अपराध के प्रति लोगों को किया जागरूक

गुरुग्राम। हरियाणा पुलिस द्वारा अक्टूबर माह को साईबर अपराध जागरूकता अभियान के रूप के मनाया जा रहा है। सहायक पुलिस आयुक्त साइबर अपराध विपिन अहलावत के नेतृत्व मे साइबर अपराध पूर्व की पुलिस टीम द्वारा सेक्टर -44 क्षेत्र में साइबर अपराध मानेसर ने गांव खोह मानेसर , साईबर साउथ ने जॉय सेंट्रल सेक्टर -65 और साइबर अपराध पश्चिम की पुलिस टीम ने उद्योग विहार फेज 4 में जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से साइबर अपराधों की पहचान कर व उनसे बचने के तरीको के बारे मे बताकर जागरूक किया गया। इस जागरूकता कार्यकम के माध्यम से गुरुग्रान पुलिस की सभी साइबर अपराध टीमों द्वारा सभी महिलाओं/पुरुषो को विस्तृत जानकरी देते हुए बताया गया की साईबर अपराधी किस प्रकार से साईबर अटैक करके लोगों को अपना शिकार बनाते है, तथा उन्हें मानसिक, आर्थिक व सामाजिक नुकसान पहुँचाते है। कंपनी के स्टाफ, गांव के लोगो व आमजनता को जागरूक करते हुए बताया गया की साइबर अपराधी लोगो को सोशल मीडिया व्हाट्सप्प /टेलीग्राम पर लिंक के माध्यम से पैसे कमाने का लालच देकर टास्क बेस फ्रॉड करते है। साइबर अपराधी ऑनलाइन वाइन डिलीवरी आर्डर के नाम भी लोगो को अपनी साइबर ठगी का शिकार बनाते है, और कस्टम अधिकारी बनकर महंगे गिफ्ट /डॉलर /गिफ्ट कार्ड आधी के नाम पर धोखाधडी से बैंक खाता से पैसे ट्रांसफर करवाकर साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देते है।

बेकसूर लोगों पर पुलिस बर्बरता के खिलाफ पुलिस कप्तान से मिले आफताब अहमद

अगर निर्दोष लोगों पर कार्रवाई नहीं रुकी तो सड़क पर करेंगे प्रदर्शन : अफताब

निर्दोष लोगों को फंसाकर प्रताड़ित करना सही नहीं है : अफताब

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। नूंह विधायक व कांग्रेस विधायक दल उपनेता चौधरी आफ़ताब अहमद ने सोमवार को नूंह पुलिस कप्तान नरेंद्र बिजारणिया आईपीएस से बैठक की जिसमें मेवात के बेकसूर लोगों को गलत तरीके से फंसाने का मुद्दा उठाया गया।
तीन दिन पूर्व विधायक आफताब अहमद ने इस मामले को जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर प्रेस वार्ता कर उठाया था कि कैसे पुलिस निर्दोष लोगों को प्रताड़ित कर रही है।
विधायक आफताब अहमद ने पुलिस कप्तान से कहा कि 23 लोगों को 17 दर्ज मामलों में आरोपी बनाया गया है और उनमें ऐसे लोग भी शामिल हैं जो 70 फीसदी तक अपाहिज भी हैं। निर्दोष लोगों को इस तरह से फंसाकर प्रताड़ित करना सही नहीं है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पुलिस प्रशासन दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे लेकिन किसी भी निर्दोष को अनावश्यक तंग ना करे। इसे तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि मामले को न्यायालय में तो लडा जा ही रहा है लेकिन अगर निर्दोष लोगों पर पुलिस की गलत कार्यवाई नहीं रूकी तो सड़क पर भी धरना-प्रदर्शन किये जाएंगे।
विधायक आफताब अहमद ने पुलिस कप्तान से कहा कि वो न्याय करें ताकि लोगों का पुलिस प्रशासन में यकीन बना रहे, पूरी तहकीकात करें की कौन दोषी है कौन बेकसूर फिर तथ्यों पर कार्रवाई करें और लोगों को न्याय दें। पुलिस कप्तान ने आश्वासन दिया कि किसी को भी निर्दोष नहीं फंसाया जाएगा।
बता दें कि विधायक आफताब अहमद को पीड़ित परिजनों ने मिलकर अवगत कराया था कि नगीना थाने में काफी लोगों पर 17 - 17 केस एक साथ लगा दिए गए हैं,जो पुलिस की लापरवाही व गलत मानसिकता को दर्शाता है। जिन लोगों की जांच हो चुकी उन्हें फिर से बुलाकर परेशान किया जा रहा है और झूठे मामलों में फंसाने की गलत कारवाई चल रही हैं, प्रोडक्शन वारंट लेकर लोगों को तंग करने व पुलिस प्रशासन की बर्बरता अभी तक जारी है। इस दौरान पीसीसी सदस्य महताब अहमद, पीडितों के परिजन भी विधायक के साथ मौजूद थे। महताब अहमद ने कहा कि निर्दोष लोगों पर पुलिस प्रशासन की गलत कारवाई के खिलाफ हर स्तर पर जोरदार तरीके से आवाज उठाई जा रही है, अगर हालात नहीं सुधरे तो सड़क पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन तक किए जाएंगे। न्यायालय में भी मामले को लडा जा रहा है, उम्मीद है सकारात्मक नतीजे मिलेंगे।

मानू मानेसर पर बोले अफताब अहमद

वहीं पत्रकारों के मोनू मानेसर से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि न्यायालय अपना काम कर रही हैं और उन्हें न्यायिक प्रणाली पर भरोसा है। तथ्यों के आधार पर अदालत फैसला करेंगे और दोषियों को सजा व बेकसूरों को न्याय मिलेगा।

जनता दरबार में विधायक ने लोगों की सुनी समस्याएं

ज्यादा समस्याएं बिजली विभाग की अधिकारियों को बोलकर जल्द समाधान करने के निर्देश दिए

नरेश मैहंदीरत्ता,भरोसा मित्र

तावडू। उपमंडल के गांव मौहम्मदपुर अहीर में सोमवार को विधायक कंवर संजय सिंह ने जनता दरबार लगाकर जन समस्याएं सुनी। जनता दरबार में एसडीएम संजीव कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दरबार में ज्यादा समस्याएं बिजली विभाग से संबंधित मिली। जिनके लिए मौके पर अधिकारियों को बोलकर जल्द समाधान करने के निर्देश दिए व कुछ का मौके पर ही समाधान किया गया। इस दौरान पर रोहताश चैयरमैन, बिट्टू चांदना, देशराज नंबरदार, सतपाल सहरावत पार्षद, सुशील भारद्वाज, लीलू चैयरमैन, नरेश यादव चैयरमैन, लाला जी सरपंच कलवाडी, मुकेश शर्मा मंडल अध्यक्ष तावडू, रामकिशोर किसान मोर्चा, पवन, हंसराज मैनेजर, मनोज पांचाल, रामकिसन नंबरदार, सूरजपाल नंबरदार, ओमप्रकाश पूर्व सरपंच, रोहताश पूर्व सरपंच, कमल मास्टर हसनपुर, सतपाल सरपंच दादु, विकाश यादव, विधायक के निजी सचिव दीपक गॉड, सहायक सचिव गुलाब सिंह सहित विभिन्न गांवों के सरपंच एवं पंच सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

प्रीमियम का भुगतान कर उठाएं आयुष्मान चिरायु योजना का लाभ : डीसी खड़गटा

प्रीमियम जमा करवाने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर

एक लाख 80 हजार रुपये से कम आय वाले पात्र परिवारों को नहीं देना पड़ेगा कोई प्रीमियम

जिन परिवारों की आय 1.80 लाख से ज्यादा है और तीन लाख रुपये तक है, को देना होगा 1500 रुपये का वार्षिक प्रीमियम

आस मोहम्मद,भरोसा मित्र

नूंह। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि हरियाणा सरकार की आयुष्मान चिरायु योजना के तहत प्रदेश के पात्र परिवारों को 5 लाख रुपए तक के इलाज की सुविधा निशुल्क दी जाती है। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है, उन्हें कोई प्रीमियम नहीं देना पड़ेगा और जिन परिवारों की आय इससे ज्यादा है और तीन लाख रुपये तक है, को 1500 रुपये का वार्षिक प्रीमियम देना होगा। सरकार ने योजना का प्रिमियम जमा करने की तिथि बढ़ाकर 20 अक्टूबर की है। उन्होंने बताया कि जिला नूंह में आयुष्मान योजना के 6.81 लाख लाभपात्र हैं तथा आयुष्मान चिरायु योजना के अंतर्गत लगभग 6 हजार 200 परिवार और शामिल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि लाभार्थी स्वयं 222.ष्द्धद्वह्ल्ड्ड4ह्वड्ड4ह्वद्य्द्धद्बड्डठ्ठ-द्धड्डह्4ड्डठ्ठड्ड.द्बठ्ठ पर जाकर अपनी पात्रता जांच सकते हैं तथा पात्र पाए जाने के पश्चात् स्वयं व अपने नजदीकी किसी भी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर 1500 रुपए प्रिमियम का भुगतान कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। सरकार ने योजना में वार्षिक शुल्क जमा करने की तिथि को बढ़ाकर 20 अक्टूबर तक कर दिया है। जिला नूँह में इसके अन्तर्गत सूचीबद्ध अस्पताल सिविल अस्पताल, मांडीखेड़ा, शहीद हसन खॉ मेडिकल कॉलेज नल्हड़, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नूंह तथा 02 निजी अस्पताल देवांश हॉस्पिटल तावडू व फैमिली हॉस्पिटल तावडू को शामिल किया गया है।

सोशल मीडिया पर अजनबी लोगों से दोस्ती ना करें

कस्टम ड्यूटी की डिमांड करने वाले साइबर क्रिमिनल हो जाए सावधान: नरेंद्र बिजारणिया

आस मोहम्मद,भरोसा मित्र

नूंह। नूंह पुलिस कप्तान नरेंद्र बिजारणिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नूंह पुलिस द्वारा जिला नूंह में साइबर अपराधों से बचाने के लिए अलग-2 कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को साइबर अपराधों से बचनें हेतु जागरुक किया जा रहा है । इस जागरुकता को आगे बढाते पुलिस अधीक्षक नूंह नें आमजन को जानकारी देते हुए बताया कि आज की इस डिजिटल दुनिया में इंटरनेट और सोशल मीडीया का प्रयोग काफी बढ गया है । हर व्यक्ति मोबाइल, इंटरनेट तथा सोशल मीडिया से जुडा है और वह अपना हर काम ऑनलाइन के माध्यम से कर रहे है परन्तु कुछ साइबर क्रिमिनल इंटरनेट पर लोगों को बेवकूफ बनाकर उनके साथ धोखाधडी को अन्जाम देते है । ऐसे व्यक्तियों से सावधान रहनें की आवश्यकता है क्योंकि कुछ साइबर क्रिमिनल खुद को विदेशी बताकर सोशल मीडिया पर खुद को अच्छी जॉब या खुद को अच्छा बिजनेसमैन बताकर दोस्ती करते है । जिससे कुछ लोग इनकी बातों में आकर उनके साथ दोस्ती कर लेते है और फिर फेसबुक तथा व्हाट्सअप के माध्यम से बातचीत करते है । काफी दिनों तक आपस में बातचीत करने पर वो आपको गिफ्ट या आई फोन इत्यादि भेजनें के लिए कहते है, और कहते है आपको बस कस्टम डयूटी देनी है । ऐसे में आपको गिफ्ट, आई फोन इत्यादि के लालच में आकर कोई किसी भी प्रकार की कस्टम डयूटी भरने की जरुरत नहीं है, क्योंकि साइबर क्रिमिनल्स आपसे धीरे-2 करके लाखो रुपये की राशि ठग लेते है, ऐसे में किसी अजनबी पर विश्वास ना करें और अगर कोई व्यक्ति आपको कस्टम डयूटी की डिमांड करता है तो सावधान हो जाए वह साइबर क्रिमिनल्स है । आपके साथ धोखाधडी कर रहा है । ऐसे में किसी अन्जान व्यक्ति के साथ सोशल मीडिया पर दोस्ती ना करें ना ही किसी प्रकार की निजी जानकारी सांझा करें । ऐसे व्यक्ति से सावधान रहें और सुरक्षित रहें ।

पार्टी के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करूंगा: लुकमान किथूरपुरी

उपमुख्यमंत्री ने लुकमान किथूरपुरी को सौंपा जजपा प्रदेश युवा महासचिव का नियुक्ति पत्र

आस मोहम्मद,भरोसा मित्र

नूंह। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को संगठन की कार्यकारिणी बैठक में पार्टी के पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान युवा जजपा के प्रदेश महासचिव लुकमान किथूरपूरी को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने नियुक्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया और उनके द्वारा पार्टी के लिए किए गए बेहतर कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। इतना ही नहीं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी होती है और कार्यकर्ताओं को मान सम्मान देना ही उनका पहला कर्तव्य है। इस दौरान जजपा के प्रदेश युवा महासचिव लुकमान किथूरपूरी ने कहा कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने जिस उम्मीद और भरोसे के साथ उन्हें प्रदेश में युवा जजपा का महासचिव नियुक्त कर उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा है,उसके लिए प्रदेश के पार्टी नेताओं का वो आभार व्यक्त करते हैं और पार्टी के संयोजक चौधरी अजय सिंह चौटाला, उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष निशान सिंह,दिग्विजय सिंह चौटाला का आभार व्यक्त करते हैं। इस दौरान लुकमान किथूरपुरी ने कहा कि पार्टी ने जो उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है वह पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ ज्यादा से ज्यादा पार्टी के साथ कार्यकर्ताओं को जोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश के अंदर जजपा की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनने जा रही है और प्रदेश के मुख्यमंत्री चौधरी दुष्यंत चौटाला होंगे।

एडवोकेट अशोक आजाद फिर बने श्री गुरु रविदास सभा गुड़गांव के संरक्षक

भरोसा मित्र ब्यूरो

गुरुग्राम। दलित जाटव समाज की आस्था का प्रतीक श्री गुरु रविदास सभा जैकबपुरा की कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से अशोक आज़ाद एडवोकेट को संरक्षक नियुक्त किया। पूर्व में भी अशोक आज़ाद काफ़ी वर्षों तक रविदास सभा के संरक्षक रहे थे और पुन- फिर एक बार उनको समाज की सम्मानित सभा का संरक्षक नियुक्त किया गया। रविदास सभा के प्रधान योगेन्द्र सिंह और महासचिव ज्वाला प्रसाद कैम ने अपनी पूरी कार्यकारिणी एव अन्य गणमान्य की मौजूदगी में अशोक आज़ाद को उनका नियुक्ति पत्र सौंपकर, पगड़ी बांधकर और शाल पहनाकर के सम्मानित किया। अशोक आज़ाद एडवोकेट सामाजिक और धार्मिक संस्था से जुड़े हुए है। अशोक आज़ाद के पिता स्व. चौ. मनोहर सिंह आज़ाद भी श्री गुरु रविदास सभा के संस्थापक अध्यक्ष और संरक्षक रहे थे। श्री गुरु रविदास सभा गुडगाँव की चार संपत्तियाँ है जिसमें श्री गुरु रविदास मंदिर जैकबपुरा, मन्दिर श्री काली माता नई बस्ती, श्रीमती घोषण देवी धर्मशाला (शिव मंदिर), हिदायतपुर श्मशान भूमि जाटव समाज। इसके अतिरिक्त चमन तँवर और दीपक आज़ाद को भी कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में योगेन्द्र सिंह प्रधान,ज्वाला प्रसाद कैम महासचिव, कन्हैया लाल पूर्व प्रधान, भरत कुमार बॉबी सचिव, विशाल कदम कैशियर, कृष्ण कुमार संयोजक, कार्यकारिणी सदस्य में युद्धवीर साहनी, जितेंद्र सिंह, संजय कैम, मुकेश कैम लाला,चमन तँवर, दीपक आज़ाद, अनिल कदम, भारत कैम, पवन कुमार, हेमन्त कदम, मोहित, रोहित, आकाश भी मौजूद रहे।

हादसा — इससे पहले हुए हादसे नहीं भूले हैं लोग

दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे स्थित पुल पर डिवाइडर से टकराया ट्राला, अधर में लटका

बड़ा हादसा होने से टला

आस मोहम्मद,भरोसा मित्र

नूंह। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर नगीना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव उमरी के समीप एक तेज रफ्तार ट्रेलर गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर के दौरान ट्रेलर पुल पर अधर में लटक गया। इस हादसे में चालक और परिचालक को कोई चोट नहीं आई है। मौके पर पहुंचे एनएचएआई के अधिकारी जांच में जुटे हुए है। घटना सुबह करीब 5 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक सुब्बन निवासी रिठु सोमवार सुबह पलवल से अपनी ट्रेलर गाड़ी को लेकर फिरोजपुर झिरका जा रहा था। जब वह गांव उमरी के समीप बने अंडरपास पर पहुंचा उसी दौरान सामने चल रहें एक अज्ञात वाहन चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। समाने चल रही गाड़ी को बचाने के चक्कर में उन्होंने भी ब्रेक लगाने की कोशिश की लेकिन गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसा इतना भयानक था कि गाड़ी ने पहले लोहे के डिवाइडर को तोड़ा उसके बाद पुल से जा टकराई, पूरी गाड़ी आगे से क्षतिग्रस्त हो गई। इसके साथ ही डिवाइडर से टकराने के बाद गाड़ी पुल से झूल गई। गनीमत रही की ट्रेलर पुल से नीचे नहीं गिरा, अगर पुल से नीचे गिरता तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। बता दे कि कुछ दिनों पहले रोल्स-रॉयस गाड़ी के सड़क हादसे को अभी तक लोग भूल भी नहीं पाए थे। उसके बाद मर्सिडीज़ लग्जरी कार ने दूध के टैंकर को टक्कर मारी। जिसके कुछ दिन बाद एक तेज रफ्तार की वजह से गाड़ी डिवाइडर से टकराई और ड्राइवर व उसके पुत्र की मौके पर मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । सवाल लाख टके का है कि दुनिया के बेहतरीन राजमार्गों में शामिल दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेस वे पर बार - बार रफ्तार की वजह से हादसे हो रहे हैं। इन हादसों पर एनएचएआई कब गंभीर होगा और कब हादसों पर रोक लगेगी, लेकिन लगातार हो रहे हादसों की वजह से दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेस वे इन दिनों पूरी तरह से चर्चाओं में बना हुआ है। सबसे खास बात यह है मेवात में जितने भी सड़क हादसे हुए अधिकतर इस 5 किलोमीटर के दायरे में हुए हैं। आखिरकार 5 किलोमीटर के दायरे में हादसे क्यों हो रहे हैं । इसकी गहनता से जांच करने की आवश्यकता है।

आम नागरिक भी समझ सकेंगे पोर्टल की प्रक्रिया : मीणा

एडीसी ने डिजिटल पोर्टल के ट्रेनिंग प्रोग्राम का किया शुभारंभ

एमके अरोड़ा,भरोसा मित्र

गुरुग्राम। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने कहा है कि पारदर्शी तरीके से हरियाणा सरकार की जनसेवाओं का लाभ आम नागरिकों को मिले, इसके लिए सरकार ने डिजीटल पोर्टल सेवाएं आरंभ की हुई हैं। नागरिकों को इन पोर्टल के बारे में सही जानकारी हो, इसके लिए नागरिक संसाधन विकास विभाग (सीआरआईडी)ने गुरूग्राम जिला में प्रशिक्षण देने की शुरूआत की है, जो कि अत्यंत लाभप्रद है।
एडीसी आज बागवानी विभाग के सभागार में क्रिड की ओर से आयोजित ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ करने के बाद उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीपीपी, सरल पोर्टल, मेरी फसल मेरा ब्यौरा आदि अनेक पोर्टल सरकार ने जनहित में ऑनलाईन चलाए हुए हैं। इन पोर्टल का एक ही मकसद है कि किसी भी योजना के सही पात्र व्यक्ति को उसका लाभ मिले और जनसेवाएं सीधे आम जनता तक पहुंचे। लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का त्वरित लाभ मिले, इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने परिवार पहचान पत्र बनवाने का अभियान चलाया।
जिसके जरिए आज घर बैठे लोगों को साठ साल की उम्र होते ही वृद्धावस्था सम्मान पेंशन का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर आम नागरिक पूरी सरलता से सरकारी सेवाओं का लाभ उठा सकें। इसके लिए हरियाणा सरकार द्वारा यह ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया है।

खबर फटाफट

टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर दें नशा बेचने व करने वालों की सूचना

रेवाड़ी। डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज के मौजूदा हालात में युवा पीढ़ी व समाज को हर प्रकार के नशे की लत से बचा कर रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति की चकाचौंध में अंधे होकर जाने-अनजाने में विभिन्न प्रकार के नशे की प्रवृति के आदी होकर इसके कुचक्र में फंस रहे हैं, जिसके दुष्परिणाम नशा करने वाले व्यक्ति के साथ साथ उनके परिजनों को भी भुगतने पड़ते हैं। उन्होंने बताया कि युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने के उद्देश्य से हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा टोल फ्री ड्रग हेल्पलाइन नंबर 9050891508 जारी किया गया है। इस हेल्पलाइन नंबर पर निशुल्क फोन करके आमजन नशा तस्करों सहित नशे की रोकथाम से संबंधित कोई भी सूचना दे सकते हैं।

डीसी ने बताया कि सरकार द्वारा नशा मुक्ति को लेकर स्टेट एक्शन प्लान तैयार किया गया है, ताकि युवा नशे की लत से दूर रहे और प्रदेश को ड्रग फ्री हरियाणा बनाया जा सके। इसी कड़ी में नशा मुक्ति को लेकर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो बनाया गया है ताकि सरकारी विभागों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए नशामुक्ति को लेकर आवश्यक कदम उठाए जा सकें। इस हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से लोग नशे की रोकथाम संबंधी कोई भी सूचना दे सकते हैं। इसके साथ ही, हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो द्वारा नशा करने वाले व्यक्ति की सूचना मिलने पर उसकी नशे की लत छुड़वाने के साथ साथ उसके पुनर्वास की भी व्यवस्था की जाएगी। डीसी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे नशा मुक्त जिला बनाने में अपना सहयोग दें ताकि युवा नशे की लत से दूर रहते हुए देश व प्रदेश की उन्नति में अपना बहुमूल्य सहयोग दे सकें। उन्होंने नागरिकों विशेषकर युवा वर्ग से हर प्रकार के नशे से दूर रहने का आह्वान किया है।

कंपनी कर्मचारी पर गोली चलाने के मामले में तीन आरोपी और गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना कसौला पुलिस ने एक कंपनी के कर्मचारी पर गोली चलाने के मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गांव जलालपुर निवासी दुष्यंत उर्फ मोहित उर्फ मीणा पुत्र राजकुमार, गांव बैरवाल निवासी ओमवीर उर्फ ढिल्लु पुत्र विजय सिंह व संदीप पुत्र हवा सिंह रूप में हुई है।

जांचकर्ता ने बताया कि गांव जलालपुर निवासी शिव कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि वह एजी कंपनी में काम करता है। वह शुक्रवार को जेआरडी कंपनी के पास खड़ा था। वहां पर दुष्यंत उर्फ मोहित मीणा, उसका पापा, रवि निवासी नयाला, गुल्लू व तीन अन्य युवक खड़े हुए थे। तीनों लडक़ों को वह नहीं जानता। दुष्यंत ने उस पर गोली चला दी। इसके बाद आरोपी उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

सूचना पर थाना कसौला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए मामले में दो आरोपी जिला झज्जर के गांव न्याला निवासी नितिन कुमार उर्फ अजय कुमार पुत्र नरेंद्र सिंह व दीपू उर्फ रवि पुत्र कलीराम को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में पुलिस ने तीन और आरोपी गांव जलालपुर निवासी दुष्यंत उर्फ मोहित उर्फ मीणा, गांव बैरवाल निवासी ओमबीर उर्फ ढिल्लु व संदीप को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

मीडियाकर्मियों के बीमा कवरेज को 5 लाख रुपए से बढ़ाकर किया 10 लाख

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में मीडियाकर्मियों के कल्याण के लिए सराहनीय एवं उल्लेखनीय निर्णय लिए गए हैं। इसी कड़ी में सरकार ने प्रदेश में मान्यता प्राप्त मीडिया कर्मियों के लिए टर्म इंश्योरेंस कवरेज को मौजूदा 5 लाख रुपए से बढाकर 10 लाख रुपए करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय से, अब 10 लाख रुपए तक के बीमा पर प्रीमियम की शत प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। इस फैसले से प्रदेश के साथ रेवाड़ी जिला के मान्यता प्राप्त मीडियाकर्मी भी लाभान्वित होंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सरकार द्वारा बीमा कवरेज बढ़ाने के अतिरिक्त, पात्र मीडियाकर्मियों को दी जाने वाली मासिक पेंशन भी 10,000 रुपए से बढ़ाकर 15,000 रुपए की है। समाज में मीडिया पेशेवरों के अमूल्य योगदान और उनकी सेवानिवृत्ति के बाद के वर्षों में वित्तीय स्थिरता की आवश्यकता को समझते हुए पेंशन में यह वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने हरियाणा डिजिटल मीडिया विज्ञापन नीति, 2023 को भी मंजूरी प्रदान की है। इस दूरदर्शी नीति का उद्देश्य वर्तमान दौर में डिजिटल मीडिया परिदृश्य जैसे की एक्स, फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम आदि के माध्यम से सरकारी की विकासात्मक नीतियों और कार्यक्रमों की पहुंच का विस्तार करना है। यह नीति सरकारी पहलों और विकासात्मक नीतियों एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी को प्रभावी ढंग से उजागर और प्रसारित करने के लिए सोशल मीडिया समाचार चैनलों और सोशल मीडिया इन्फलूएंसरस आदि को सूचीबद्ध करने की सुविधा प्रदान करेगी।

वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों के लिए 25 से 31 तक आयोजित होंगे पंजीकरण शिविर

रेवाड़ी। जिला रेडक्रास सोसायटी रेवाड़ी द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्का कानपुर के माध्यम से केंद्र सरकार की राष्ट्रीय व्योश्री योजना व अरावली पावर कंपनी लि. झाड़ली झज्जर की सीएसआर योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को वॉकर, व्हील चेयर, कान की मशीन, छड़ी, व्हील कमोड सहित सिलिकॉन फोन तकिया, नी ब्रेस, सामइनल स्पोर्ट, रवाइकल कॉलर, फुट वियर किट आदि सहायक यंत्र व उपकरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की एडीआईपी योजना के तहत दिव्यांगजनों को बैटरी चालित तिपहिया साईकिल, पहिया कुर्सी, बैशाखी, कृत्रिम अंग आदि सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए जिला के विभिन्न खंडों में 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। डीसी एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी रेवाड़ी राहुल हुड्डा ने बताया कि बुधवार 25 अक्टूबर को रावमावि कोसली, गुरूवार 26 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बावल, शुक्रवार 27 अक्टूबर को बीडीपीओ डहीना, शनिवार 28 अक्टूबर को बीडीपीओ जाटूसाना, रविवार 30 अक्टूबर को आईटीआई कुंड तथा सोमवार 31 अक्टूबर को हेमचंद्र विक्रमादित्य सामुदायिक भवन मॉडल टाउन रेवाड़ी में बजे तक निशुल्क पंजीकरण शिविर आयोजित कर पंजीकरण किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को अपने साथ आधार कार्ड व आय प्रमाण पत्र की फोटो प्रति के साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो लानी होगी जबकि दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र व दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आनी है।

रेवाड़ी विधायक की मौजूदगी में जिला प्रभारी दीपक वैद्य ने ली पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक

कप्तान की पसंद का हो रेवाड़ी कांग्रेस का संगठन

कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उनके सुझाव लिए

कांग्रेस प्रभारी दीपक वैद ने सभी को आश्वासन दिया की आप सभी की बातों को पार्टी हाईकमान तक पहुंचाया जाएगा

भरोसा मित्र, ब्यूरो

रेवाड़ी। रेवाड़ी जिले के कांग्रेस प्रभारी दीपक वैद ने पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव के मॉडल टाउन स्थित निवास पर विधायक चिरंजीव राव की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उनके सुझाव लिए। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक सुर में कहा की रेवाड़ी का संगठन कैप्टन अजय सिंह यादव के पसंद का होना चाहिए। उनका परिवार तीन पीढ़ी से कांग्रेस पार्टी की सेवा कर रहा है और उनके परिवार ने पूरे प्रदेश में इतिहास बनाया हुआ है। बैठक में कार्यकर्ताओं की राय जानने पहुंचे प्रभारी दीपक वैद्य को पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि स्वर्गीय राव अभय सिंह तीन बार रेवाड़ी से विधायक बने। उसके उपरांत कैप्टन अजय सिंह यादव छह बार विधायक व मंत्री बने तो उनके पुत्र विधायक चिरंजीव राव ने अपने पहले ही चुनाव में भाजपा की लहर के बावजूद जीत हासिल की। कांग्रेस प्रभारी दीपक वैद ने सभी को आश्वासन दिया की आप सभी की बातों को पार्टी हाईकमान तक पहुंचाया जाएगा। पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव व रेवाड़ी विधायक चिरंजीव राव के हिसाब से ही संगठन तैयार होगा। इस मौके पर विधायक चिरंजीव राव ने कहा जल्द ही कांग्रेस पार्टी का संगठन तैयार हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और प्रदेश में कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत से अपनी सरकार बना रही है। भाजपा सरकार ने लोगों को परिवार पहचान पत्र और प्रॉपर्टी आईडी में उलझाया हुआ है। इनका भी समाधान करवाया जायेगा। इसके अलावा कांग्रेस शासित प्रदेशों की तरह हरियाणा प्रदेश में भी रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में, 200 बिजली की यूनिट फ्री और ओल्ड पेंशन स्कीम भी लागू की जाएगी। भाजपा सरकार ने वायदा किया था कि 2022 में किसानों की आमदनी दोगुनी की जाएगी। लेकिन किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी नहीं मिल रहा। किसानों का बाजरा नहीं खरीदा जा रहा। कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर एक-एक दाना किसानों का खरीदा जाएगा और पोर्टल सिस्टम इत्यादि को बंद किया जाएगा। इस मौके पर काफी संख्या में नगर पार्षद, जिला पार्षद, सरपंच, महिला कांग्रेस के पदाधिकारी, ओबीसी कांग्रेस के पदाधिकारी, एससी विभाग के पदाधिकारी, सेवा दल के पदाधिकारी, यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी व रेवाड़ी के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने 23 अक्तूबर तक बढ़ाई हड़ताल

भाजपा-जजपा विधायकों के आवास पर प्रदर्शन कर आज ज्ञापन सौंपेंगे सफाईकर्मी

भरोसा मित्र, ब्यूरो

रेवाड़ी। ग्रामीण सफाई कर्मियों की हड़ताल 7वें दिन भी जारी रही। सरकार द्वारा उनकी मांगों का समाधान की पहल ना करने से खफा कर्मचारियों ने हड़ताल को 23 अक्तूबर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। वहीं ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने 17 अक्तूबर को जिला स्तर पर प्रदर्शन करते हुए भाजपा-जजपा विधायकों के आवास पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने का भी निर्णय लिया। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा के महासचिव विनोद कुमार ने रेवाड़ी में सफाई कर्मचारियों को सम्बोधित करते यह घोषणा की। धरने की अध्यक्षता राजकुमार व तथा संचालन मनोज कुमार ने किया। हड़ताली सफाई कर्मचारियों के बीच पहुँचे ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा (सीटू) के राज्य महासचिव विनोद कुमार एवं सीटू राज्य उपाध्यक्ष सतबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार ग्रामीण सफाई कर्मचारियों से बेगार करवा रही है। 17 साल से स्थाई काम पर अस्थाई सफाई कर्मचारी रखकर काम लिया जा रहा है और पूरा वेतन भी नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा 2014 के चुनावी घोषणा पत्र में 15 हजार वेतन देने का वायदा करने वाली भाजपा सरकार ने वेतन में भारी गैर बराबरी पैदा करके सफाई कर्मचारी विरोधी होने का सबूत दिया है। सीटू नेताओं ने कहा कि पिछले 7 दिन से हरियाणा के 22 जिलों के 11 हाजर ग्रामीण सफाई कर्मचारी हड़ताल पर है, लेकिन सरकार हठधर्मिता पर उतरी हुई है। सरकार वार्ता करके मसलों का समाधान करने की बजाय आंदोलन को लम्बा खिंचकर तोडने की नीति अपना रही है। जिसको किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। यूनियन महासचिव ने कहा कि हड़ताल से बाधित होने वाले सफाई कार्य से अगर सरकार बचना चाहती है और सफाई कर्मियों के प्रति अपनी कोई हमदर्दी रखती है तो सरकार वार्ता करके माँगों और समस्याओं का समाधान करे अन्यथा 23 अक्तूबर तक हरियाणा के 11 हजार ग्रामीण सफाई कर्मचारी हड़ताल पर रहते हुए अपने आंदोलन को तेज करने पर मजबूर होंगें। धरने में रेवाड़ी ब्लॉक से चेतराम, कृष्ण, मुकेश, बावल से नवल किशोर, अशोक, आशीष नाहड़, कृष्ण कुमार, सोनू, पवन, मटरु समेत काफी संख्या में सफाईकर्मी मौजूद रहे।

घर में आग लगने से लाखों का सामान हुआ नष्ट

भरोसा मित्र, ब्यूरो



रेवाड़ी। शहर के मौहल्ला सराय बलभद्र स्थित एक घर की पहली मंजिल पर अचानक आग लग गई। आग से लाखों रुपये का सामान स्वाहा हो गया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार शहर के मौहल्ला सराय बलभद्र निवासी दो भाई प्रवीण और राकेश एक ही घर में रहते हैं। प्रवीण मकान की पहली जिर पर परिवार के साथ रहता है। सोमवार सुबह प्रवीण के बच्चे स्कूल गए हुए थे व पत्नी किसी काम से बाहर गई हुई थीं। पीछे से उनके घर की पहली मंजिल में आग लग गई। आग लगने के शुरुआती दौर में तो पता नहीं लगा, लेकिन जब आग की लपटें तेजी से उठने लगी तो नीचे वाले फ्लोर पर मौजूद राकेश के परिवार को लोगों को आग की लपटों को उठते देखा। आगजनी की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड कर्मियों को दी गई। सूचना के बाद दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची तथा आग पर काबू पाया। इस आगजनी में घर में रखा फ्रीज, कूलर, वाशिंग मशीन, पंखे तथा अन्य सामान जलकर स्वाहा हो गया। प्रवीण के अनुसार आग से घर में रखा लाखों का सामान जल गया। सूचना के बाद भाड़ावास गेट चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची। प्रथम दृष्टया आगजनी का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

दिल्ली पुलिस के हैड कांस्टेबल के घर दिन-दहाड़े ताला तोडक़र दो लाख की नकदी व लाखों के जेवरात चोरी

भरोसा मित्र, ब्यूरो/ रेवाड़ी। शहर के यादव नगर नगर स्थित दिल्ली पुलिस के जवान के घर को निशाना बना चोर दिन-दहो दो लाख की नकदी तथा लाखों के जेवरात चोरी कर ले गए। सचना के बाद पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार शहर के यादव नगर स्थित गली नंबर दस निवासी सुरेश कुमार दिल्ली पुलिस में बतौर हैड कांस्टेबल तैनात है। सुरेश कुमार ड्यूटी पर दिल्ली गए हुए थे। सुबह उनकी पत्नी मीनाक्षी देवी अपने बच्चे के साथ स्कूल गई हुई थी। घर के बाहर ताला गया हुआ था। जब वह स्कूल से लौटी तो घर पर लगा ताला टूटा हुआ मिला। जब मीनाक्षी देवी ने घर के अंदर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। जब उन्होंने सामान की जांच की तो अलमारी में रखे दो लाख रुपये नकद, दो सोने की अंगूठी, पांच जोड़ी कानो की बाली, सोने की चेन, सोने के मंगलसूत्र, सोने का ओम, चांदी की पांच अंगूठी, चार पाजेब के अलावा जरुरी कागजाद भी गायब मिले। चोरी की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना के बाद डायल-112 के अलावा रामपुरा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने घर में जांच की। मौके पर फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को भी बुलाया गया। रामपुरा थाना पुलिस ने मीनाक्षी देवी की शिकायत पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरु कर दी है।

देशी रिवाल्वर सहित एक गिरफ्तार

भरोसा मित्र, ब्यूरो

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश पर व उप पुलिस अधीक्षक बावल नरेन्द्र सागवान के नेतृत्व में कार्य करते हुए थाना कसौला पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव जलालपुर निवासी दुष्यंत उर्फ मोहित उर्फ मीणा पुत्र राजकुमार के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि दुष्यंत उर्फ मोहित उर्फ मीणा पुत्र राजकुमार निवासी गांव जलालपुर अपनी कार में आसलवास पुल के पास खड़ा है। जिसकी गाड़ी में अवैध हथियार है। सूचना पर तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। जिसकी पहचान दुष्यंत उर्फ मोहित उर्फ मीणा के रूप में हुई। उसकी कार की तलाशी ली गई तो एक अवैध देशी रिवाल्वर बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना कसौला में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में आरडीएस ने मारी बाजी

भारत विकास परिषद विवेकानंद व श्रीराम युवा शाखा की ओर से हिंदी व संस्कृत में समूहगान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

भरोसा मित्र, ब्यूरो

रेवाड़ी। भारत विकास परिषद विवेकानंद व श्री राम युवा शाखा की ओर से आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल में देश भक्ति गीतों पर आधारित राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन हिंदी और संस्कृत भाषा में कराया गया। इस मौके पर आरपीएस ग्रुप चेयरमैन पवित्रा राव मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि डॉ सुप्रतीक्ष यादव शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ रामबाबू यादव क्षेत्रीय संपर्क सचिव, बीवीपी ने की। कार्यक्रम मे मुकेश सैनी जिला समन्वयक व रमेश सचदेवा अध्यक्ष रेवाड़ी शाखा व अरुण गुप्ता भी शामिल हुए। कार्यक्रम कि शुरुआत दीप प्रजवल्लन, वन्देमातरम गीत व भारत माता के जयकारो के साथ हुआ। मुख्य अतिथी पवित्रा राव ने भारत विकास परिषद की बच्चों को इन कार्यक्रमों के द्वारा अपनी संस्कृति से जोडऩे के लिए प्रशंसा की। डॉ सुप्रतीक्ष यादव ने बच्चों को भारतीय संस्कृति से अवगत कराया। राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता मे आरडीएस स्कूल धारूहेड़ा ने प्रथम, आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल रेवाडी दुसरे तथा यूरो इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने तीसरे स्थान प्राप्त किया । निर्णायकमंडल में श्रीपति सिंह शेखावत, मुकेश कुमार व पुलकित शर्मा रहे। मंच संचालन पीयूष गोयल व यतीश सिंगल ने किया। इस प्रतियोगिता में जिले के अनेक स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। समापन पर शाखा अध्यक्ष मोहन गोयल व जितेश अग्रवाल ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर अतुल बत्रा, डॉक्टर दीपक यादव, प्रवीण मेहता, निधि गौतम, जतिन सैनी, अमन गुप्ता, सचिन सिंघल, रॉकी, संजीव यादव, जगमोहन गुप्ता, नरेश यादव, नरेंद्र सिंह चौहान, उमेश गोयल समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कोसली के श्याम नगर में हुआ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

कलयुग में संकीर्तन ही भक्ति, मुक्ति और ईश्वर प्राप्ति का मार्ग

कार्यक्रम में सांसद डा. अरविंद शर्मा व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने की बतौर मुख्य अतिथि शिरकत

भरोसा मित्र, ब्यूरो

रेवाड़ी। शरद नवरात्रों व गुरू जी पाठशाला की स्थापना के उपलक्ष्य में कोसली विस के श्याम नगर में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत हवन, भंड़ारा व सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में सांसद रोहतक लोकसभा डा. अरविंद शर्मा, हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा की विशिष्ट अतिथि के तौर पर गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोसली के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने की। इस अवसर पर पूर्व सीपीएस अनिता यादव, पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि जो अपने हृदय से भगवान की भक्ति करता है, उनकी साधना करता है भगवान स्वयं उसकी पतवार थामते हैं। जब भी जीवन में दुख तकलीफें आए, मदद के सारे द्वारा बंद हो जाए, आप चारों ओर से हताश निराश हो जाए, फिर भी घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि भगवान के द्वार हमेशा खुले होते हैं। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्य में जीवन में आत्मिक संतुष्टि प्रदान करते हैं। मनुष्य को अपने व्यस्त जीवन में से थोड़ा समय निकालकर प्रभु भक्ति में अवश्य लगाना चाहिए और अपनी कमाई का कुछ हिस्सा दान-पुण्य में खर्च करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति से परम आनंद की प्राप्ति होती है और दान-पुण्य करने से मन और आत्मा को शांति मिलती है।

भगवान को पाने की तीन सीढ़ियां हैं श्रद्धा, विश्वास और समर्पणः डा. अरविंद शर्मा

सांसद डा. अरविंद शर्मा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान से संबंध जोड़ोगे तो जीवन में सदा सुखी रहोगे। कलयुग में नामसंकीर्तन ही भक्ति, मुक्ति और ईश्वर प्राप्ति का मार्ग है। लोभ, मोह, आसक्ति क्रोध ईर्ष्या आदि से बाहर निकलने के लिए मनुष्य को ईश्वर की भक्ति में लीन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान केवल भाव के भूखे हैं जो भी भक्त भगवान को भाव से पुकारता है भगवान उनके घर दौड़े चले आते हैं। भगवान कभी भी किसी की वस्तु को नहीं देखते भगवान केवल भक्तों के भाव को देखते हैं। उन्होंने कहा कि भावना में भाव नहीं तो भावना बेकार है और भावना में भाव है तो भव से बेड़ा पार है। भगवान को पाने की तीन सीढ़ियां है श्रद्धा, विश्वास और समर्पण। मनुष्य को चाहिए कि वे अपने व्यस्त समय में से कुछ समय प्रभु भक्ति के लिए अवश्य निकालें।

कलयुग में भव से पार उतरने के लिए सत्संग करना जरूरी है : ओमप्रकाश यादव

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि जो विवेक है वह सत्संग से प्राप्त होता है इसलिए व्यक्ति को संतों का संग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कि कलयुग में भव से पार उतरने के लिए सत्संग करना जरूरी है। सत्संग का मतलब ढोलक-चिमटा बजाना नहीं है। सत्संग का मतलब सत्य पर चलना सत्य का साथ देना और पूरे परिवार को जोडक़र रखना है। हर रोज अपने परिवार के साथ के साथ सत्संग करना चाहिए। पूरे परिवार को इकट्ठा करके विचार करना चाहिए। आज दिन में हमने क्या गलती की और उन गलतियों को अगले दिन सुधारना चाहिए। इसी का नाम सत्संग है। उन्होंने कहा कि साधु-संतो का आशीर्वाद सदैव मंगलकारी होता है। संतों ने हमेशा मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है। प्राचीन काल से ऋषि मुनियों ने जो संदेश दिया है, उससे समाज व राष्ट्र का उत्थान हुआ है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना ही पुण्य का कार्य है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी नेक कमाई से हमेशा जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए।

रामलीला श्रवण कुमार व चम्पक-चमेली के नाटक ने बांधा समां

श्रीराम व माता सीता के जन्म के साथ अन्य दृश्यों का भी किया मंचन

भरोसा मित्र,ब्यूरो

रेवाड़ी। श्री शिव रामलीला समिति द्वारा मर्यादा पुरोत्तम भगवान श्री राम जी के आदर्श चरित्र को नाटक के रूप में दर्शाया गया। श्री शिव रामलीला समिति के महासचिव दीपक मंगला ने बताया कि रामलीला के प्रथम दिन विधिवत गणेश पूजन किया गया। ततपश्चात श्री शिव रामलीला समिति के प्रधान नवल किशोर गुप्ता व मुख्यातिथि अनाजमंडी महिला मंडल की प्रधान लक्ष्मी गुप्ता उनके पौत्र आरव गुप्ता ने रिबन काटकर लीला का शुभारंभ किया गया। पहले दिन श्रवण कुमार के नाटक व चम्पक चमेली के नाटक को दिखाया गया जिसने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसमे बताया गया कि आखिर क्यु प्रभु श्री राम धरती पर आये और ऐसे क्या संयोग थे जो प्रभु श्री राम 14 साल के लिए वनवास गए। नाटक में एडवोकेट भूपेंद्र गुप्ता, नवीन लखेरा, नितिन चावरिया, पंडित किशनचन्द वशिष्ठ, राजेश, संजीव वशिष्ठ, मुकेश चावरिया, एडवोकेट नितेश अग्रवाल व गिरिश गुप्ता ने विभिन्न किरदार निभाएं। इस अवसर पर निर्देशक कपिल चंद शर्मा, डॉ श्याम बिहारी, बीडी अग्रवाल, गिरीश गुप्ता, संजय चैहान, बाबूलाल शर्मा, विजय शर्मा, सतीश शर्मा, ज्ञानचंद गुप्ता, बनारसी दास, राजेश सैनी, सुनील भार्गव, एनके गुप्ता, नरेश प्रधान काठमंडी समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

उधर, बीती रात्रि श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला के मंच पर श्री राम व सीता जी के जन्म के साथ-साथ शिवजी व रावण के महत्वपूर्ण दृश्यों का मंचन किया गया। रामलीला का शुभारम्भ संदीप यादव ने किया। रामलीला के पदाधिकारियों महेश पटवारी, श्याम सुन्दर गुप्ता, राजेश पंवार, रमेश वशिष्ठ आदि ने अतिथि का स्वागत किया। लीला के सचिव यादके सुगन्ध ने बताया कि लीला में सीता जी के जन्म, श्री राम जी सहित भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न के जन्म के दृश्यों का मंचन किया गया। रावण द्वारा कैलाश पर्वत उठाकर लंका ले जाने का प्रयास करने पर शिवजी द्वारा उसके हाथ पर्वत की नीचे दबाकर उसके प्रयास को असफल करने, फिर रावण द्वारा शिव तांडव स्तोत्र व कैलाश पर्वत उठाने की गलती की क्षमा याचना करने की लीला का मंचन किया गया। लीला में विजय पंवार, जय भूषण शर्मा, मनीष सेन, करण गुप्ता, संजय सैनी, व सुभाष गुप्ता ने विभिन्न किरदार निभाएं। अमित स्वामी, श्रीपति सिंह शेखावत, सुरेश सेन, विकास गुप्ता, भारत गुप्ता, ललित सैनी, लवली सोनी आदि अनेक गणमान्य लोगों का सहयोग रहा।

नप की टीम ने हटवाया अतिक्रमण, काटे चालान

भरोसा मित्र, ब्यूरो

रेवाड़ी। दीपावली का पर्व नजदीक आते के साथ ही शहर के बाजारों में सुरसा मुख की तरह बढ़ते जा रहे अतिक्रमण को लेकर नगर परिषद की टीम ने भी कमर कस ली है। सोमवार को नगर परिषद की टीम ने बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान तय स्थान से अधिक दुकान से बाहर रखे गए सामान को नप टीम ने जब्त कर लिया। अभियान के दौरान टीम ने अनेक दुकानदारों के चालान भी काटे तथा कुछ को चेतावानी देकर भी छोड़ा गया। नगर परिषद की टीम में शामिल एमई, बिल्डिंग इंस्पेक्टर व जेई के साथ अनेक कर्मी दो टैक्टरों तथा जेसीबी के साथ सोमवार को अलर्ट मोड़ में दिखाई दिए। नप की टीम ने भाड़ावास गेट के पास से अपने अभियान का आगाज किया। गेट के आसपास दुकानदारों ने चार से पांच फुट तक सडक़ों पर अपना सामान रखा हुआ था। अभियान के तहत नगर परिषद की टीम ने दुकानों के बाहर रखे गए सामान को फटाफट ट्रैक्टर ट्रालियों में डालना शुरु कर दिया। नगर परिषद की टीम की सूचना के साथ ही तमाम दुकानदारों ने सडक़ पर रखा गया अपना सामान आनन-फानन में दुकानों के भीतर डालना प्रारंभ कर दिया। नगर परिषद की टीम जैसे-जैसे आगे बाजार की ओर बढ़ती गई, दुकानदारों द्वारा अपना सामान दुकान के अंदर रखे जाने का क्रम जारी रहा। इसके बावजूद नगर परिषद की टीम को सडक़ पर किसी भी दुकानदार का कोई भी सामान मिला, उसे उठाकर ट्रैक्टरों में रखकर नगर परिषद में पहुंचाया गया। नगर परिषद टीम को इस दौरान अनेक दुकानदारों के विरोध का भी सामना करना पड़ा।

17 page 6_02.qxd 10/16/2023 9:00 PM Page 1

खबर फटाफट

दूध नहीं दिया तो पिता को बेटे-बहू ने डंडों से पीट डाला

हिसार : बेटे-बहू से अलग रह रहे बुजुर्ग ने भैंस का आधा दूध देने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद दोनों ने मिलकर उसकी पिटाई डंडों से पिटाईकर डाली। पुलिस ने पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। गांव बालक निवासी 76 साल के रामकरण ने पुलिस को बताया कि उसका एक बेटा व एक बेटी है। उसकी पत्नी ओमपति उसके साथ ढाणी में रहती है। उसकी भैंस को वह खेत में रखता है। उसकी दूध बेच कर अपना गुजारा करता है। उसके बेटे बहू उससे भैंस का आधा दूध मांगने लगे। उसने दूध देने से मना कर दिया तो उसे पीटने लगे। शोर मचाने पर दोनों वहां मौके से भाग गए।

रणजीत सिंह हत्याकांड के दोषी जसबीर की उपचार के दौरान मौत

सिरसा : डेरा सच्चा सौदा प्रबंधन समिति के सदस्य रह चुके रणजीत सिंह की हत्या के दोषी जसबीर सिंह की रविवार देर शाम को मोहाली के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सिरसा में रविवार देर रात को उसका शव लाया गया और सोमवार को अंतिम संस्कार किया गया। बता दें कि वह कुछ दिन पहले ही अंबाला जेल से पैरोल पर आया था। बताया गया कि पैरोल पर आने के बाद वह उत्तरप्रदेश में अपनी खानदानी जमीन देखने के लिए गया था। मोहाली के निजी अस्पताल में परिजनों ने उसे उपचार के लिए भर्ती करवाया । डेंगू के कारण रविवार देर शाम को उसकी मौत हो गई।

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की डबल बेंच में जस्टिस निधि गुप्ता और अमन चौधरी शामिल

चंडीगढ़ : पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में लागू किए गए नया रोस्टर के अनुसार कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी के साथ डबल बेंच में सुबह जस्टिस निधि गुप्ता रहेंगी। लंच के बाद जस्टिस अमन चौधरी कार्य संभालेंगे। रोस्टर के अनुसार, कुल 8 डबल बेंच बनाई गई हैं। इनमें मुख्य न्यायाधीश की डबल बेंच में जस्टिस निधि गुप्ता पिटीशन, पीआईएल, ह्यूमन राइट्स एंड एन्वायर्नमेंट के साथ-साथ टेंडर मैटर्स, एजुकेशन मैटर्स और संविधान से रिलेटेड सभी पिटीशन का काम देखेंगी।लंच के बाद जस्टिस अमन चौधरी आर्म्ड फोर्स ट्रिब्यूनल से जुड़े मामले, सर्विस मैटर्स और कॉमर्शियल अपील जैसे मामलों को देखा करेंगे।क्रिमिनल केसेस के लिए 19 सिंगल बेंच बनाई गई हैं। अभी कुल 56 जज हैं। इनमें से 11 महिलाएं शामिल हैं।

अब चंडीगढ़ पीजीआई के एडवांस आई सेंटर में आग लगी

चंडीगढ़: सोमवार सुबह अचानक पीजीआई के एडवांस सेंटर में आग लग गई। आग सेंटर के बेसमेंट में लगी थी। इसे बुझाने के लिए तुरंत फायर ब्रिगेड बुलाई गई। बाद में एडवांस आई सेंटर में ओपीडी सेवाएं बहाल कर दी गई,लेकिन आज होने वाले सभी ऑपरेशन रद्द कर दिए गए। शानिवार को यहां हाफ डे और रविवार को छुट्टी थी, इसकी वजह से सोमवार को बड़ी संख्या में मरीज आए हुए थे। आग लगने की सूचना मिलते ही तुरंत ओपीडी को खाली कराया गया। वहां धुआं भरने के कारण सेंटर के सभी गेट खोल दिए गए। खिड़कियों के कांच को तोड़ा गया। आग पर काबू पाने में करीब डेढ़ घंटा लगा। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट की वजह मानी जा रही है। भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान(ढ्ढढ्ढङ्ख्वक्र) में आज से किसानों को गेहूं की नई किस्मों के बीज दिए जा रहे हैं। यह नई किस्मों का बीज उन्हीं 22 हजार किसानों को दिया जाएगा जिन्होंने पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाया हुआ है।

किसानों को गेहूं की नई किस्मों के बीज मिलेंगे

करनाल: भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा 18 से 20 अक्टूबर तक हरियाणा व अन्य राज्यों के पंजीकृत किसानों को गेहूं की नई किस्मों के बीज वितरित किए जाएंगे। सोमवार को पंजाब से किसान संस्थान में पहुंचने लगे थे। बारिश में भी उन्होंने लाइन में लगकर बीज लिए। बता दें कि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में पिछले लंबे समय से उच्च गुणवत्ता वाले बीजों पर काम किया जा रहा है। बताया गया कि तैयार इन बीजों से गेहूं की उत्पादन क्षमता सुधरेगी, रोग मुक्त होंगे। जिसका लाभ किसानों को भी मिलेगा।

नाराज सरपंच उपायुक्त से मिले

रोहतक : जिन किसानों पर कलानौर बीडीपीओ ऑफिस पर तालाबंदी करने पर एफआईआर दर्ज की गई थी उसका विरोध शुरू हो गया है। सोमवार के जिले के जिला उपायुक्त के ऑफिस में एकत्रित हुए। उन्होंने डीसी अजय कुमार से मुलाकात कर अपनी मांगें बताईं। उनका कहना थ कि एफआईआर को तुरंत वापस लिया जाए। सरपंच एसोसिएशन के राज्य प्रधान रणबीर गिल ने कहा कि अब सभी सरपंच मिलकर पंचायती राज के अधिकारों को पूर्ण बहाल करने की लड़ाई लड़ेंगे। इसके लिए सरकार को 5 नवंबर तक का समय दिया गया है।

तालाब की खुदाई का किया विरोध, 25 किसानों को हिरासत में लिया

फतेहाबाद: जाखल खंड के गांव तलवाड़ी में एनजीटी के निर्देशों पर जल संरक्षण के लिए बनाए जाने वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट व तालाब की खुदाई का कार्य आज प्रशासनिक टीम ने तीसरी बार में शुरू करवाने का जोरदार विरोध किया गया। इसके लिए भारतीय किसान यूनियन उग्राहा के सदस्य मौके पर पहुंच गए। इस सिलसिले में पुलिस ने करीब 25 लोगों को हिरासत में ले लिया। इस कार्रवाई की की सूचना पाकर म्योंद के पास किसानों ने रोड जाम कर दिया। जाखल थाना प्रभारी हरफूल सिंह ड्यूटी मजिस्ट्रेट एडीओ परमिंद्र सिंह ने उन्हें प्रशासन से बातचीत करने को कहा। विरोध करन वालों ने कहा कि गंदे पानी से गांव को परेशानी होगी।

बेकाबू ट्राला तीन दुकानों में घुसा

हांसी: रविवार की रात लघु सचिवालय के पास एक बेकाबू ट्राला एक रेस्टोरेंट समेत तीन दुकानों में घुस गया। ऐसे में दुकानें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे के बाद ट्रॉला चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बताया गया कि ट्राला जींद रोड की ओर से आ रहा था। यहां टी प्वाइंट पर ट्रॉली अनियंत्रित हो गई और दुकानों के अंदर जा घुसा। इस हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।दुकानदारों ने बताया कि इस हादसे से उन्हें लाखों का नुकसान हुआ है। पुलिस ट्राला चालक की तलाश कर रही है।

स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने के लिए हर जिले में मेडिकल कॉलेज खुलेंगे : मनोहर लाल

कैथल को 950 करोड़ रुपए से बनने वाले भगवान परशुराम मेडिकल कालेज की दी सौगात

वर्ष 2014 में 15 मेडिकल कॉलेज थे, उनमें 700 सीटें थीं,अब वह बढ़ कर ये 2185 हो गई हैं

शशिभूषण सैनी,भरोसा मित्र

चंडीगढ़ ।हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार घर-घर तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने के लिए हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोल रही है। लोग अस्पताल तक ना पहुंचे और अपने गांव में ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहकर हमेशा स्वस्थ रह सके, इस विषय को लेकर सरकार गांव-गांव में व्यायामशालाएं और वेलनेस सेंटर खोल रही है। अब इन वेलनेस सेंटर में डायटिशियन लोगों को स्वस्थ रहने के टिप्स देंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार की तरफ से व्यवस्था की जा रही है।

वह सोमवार को कैथल जिले के गांव सांपन खेडी में भगवान परशुराम राजकीय चिकित्सा, महाविद्यालय के शिलान्यास उपरान्त लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।

गांव सांपन खेड़ी में 20 एकड़ भूमि पर 950 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले भगवान परशुराम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण कार्य का मंत्रोच्चारण के बीच भूमि पूजन करके मुख्यमंत्री ने शिलान्यास किया।

इस राजकीय महाविद्यालय में एमबीबीएस की 100 सीटें होगी और 500 बैड का अस्पताल बनेगा। इस प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य आगामी 30 माह में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने 167.40 लाख रुपए की लागत से सुजमा रोड बाता से लेकर चौसाला थेय तक बनने वाली सडक़, 175.98 लाख की लागत से गांव माजरा से राजौंद पूंडरी सड़क, 406.71 लाख रुपए की लागत से कैथल पट्टी चौधरी में बनने वाले मंडी के शैड तथा 915.23 लाख रुपए की लागत से पटियाला रोड चीका में बनने वाले 6 बेस बस स्टैंड के प्रौजेक्ट की आधारशिला भी रखी है। इस दौरान प्रदेश भर से ब्राह्मण समाज से आए लोगों ने मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का नाम भगवान परशुराम के नाम से रखने पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया और समाज की तरफ से स्मृति चिन्ह भेंट किया।

मनोहर लाल ने कॉलेज व अस्पताल के लिए 20 एकड़ जमीन देने पर गांव सांपन खेडी की पंचायत और लोगों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मेडिकल इन्फ्रास्ट्रचर पर फोकस करने के साथ-साथ लोगों को स्वस्थ रहने के प्रति भी जागरूक कर रही है। इसके लिए गांव-गांव में व्यायामशालाएं और वेलनेस सेंटर बनाएं जा रहे है। इन वेलनेस सेंटरों में आयुर्वेदिक सेवाओं के साथ-साथ डायटिशियन की व्यवस्था की जाएगी। यह डायटिशियन लोगों को स्वस्थ रहने के प्रति और खान-पान के बारे में जागरूक करेंगे। इसके अलावा आज खेलों के क्षेत्र में हरियाणा बहुत आगे बढ़ा है अभी हाल में ही एशियन खेलों में 40 फीसदी मेडल हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धान की फसल की पैदावार अच्छी होने पर जहां पहले किसानों को प्रति एकड़ 30 क्विंटल प्लस 10 प्रतिशत का कोटा होता था। अब इस कोटे को बढ़ाकर प्रति एकड 35 क्विंटल प्लस 10 प्रतिशत कर दिया है। किसानों की धान का एक-एक दाना खरीदा जाएगा और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। अगर जरूरत पड़ी तो मिलों का कोटा भी बढ़ाया जा सकता है।

इस अवसर पर विधायक लीला राम ने कैथल को भगवान परशुराम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल तथा चार परियोजनाओं की सौगात देने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा, सांसद नायब सिंह सैनी, राज्य सभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा, विभाग की एसीएस सुमिता मिश्रा, चेयरमैन कैलाश भगत, चेयरमैन रणधीर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

घोषणा पर किया अमल

उन्होंने प्रदेशवासियों को नवरात्रों की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने पहले नवरात्रे पर डोमैस्टिक ऐयरपोर्ट, अम्बाला छावनी और दूसरे नवरात्रे पर भगवान परशुराम राजकीय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की सौगात दी है। सीएम ने कहा कि इस कॉलेज और अस्पताल से हरियाणा ही नहीं आस-पास के राज्यों को फायदा मिलेगा। इस कालेज के निर्माण की घोषणा करनाल में 11 दिसंबर 2022 को हुए ब्राह्मण महाकुम्भ में की गई थी। भगवान परशुराम भक्ति और शक्ति के संगम है।

नए मेडिकल कालेज खुलेंगे

सीमए ने बताया पिछली सरकारों ने वर्ष 2014 से पहले 6 मेडिकल कॉलेज बनाएं थे। इनमें एमबीबीएस की 700 सीटें थी, लेकिन अब प्रदेश सरकार ने वर्ष 2023 में प्रदेश में 15 मेडिकल कॉलेज हैं और 2185 एमबीबीएस की सीटें हैं। आने वाले समय में फतेहाबाद, सिरसा, चरखी दादरी, पलवल सहित 8 नए मेडिकल कालेज स्थापित किए जाएंगे। बताया कि आगामी 3 या 4 सालों में एमबीबीएस की सीटें 5 गुणा बढ़कर 3500 हो जाएंगी। सरकार नर्सिंग कॉलेज और पैरामेडिकल कॉलेज की भी स्थापना कर रही है।

सत्ता में आने पर ओबीसी क्रीमीलेयर आय सीमा बढ़ाकर 10 लाख करेंगे : दीपेंद्र

पिछड़ा वर्ग के नेताओं ने क्रीमीलेयर की आय सीमा 8 लाख से घटाकर 6 लाख करने पर चिंता जताई

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। सांसद दीपेंद्र हुड्डा के दिल्ली निवास पर हरियाणा ओबीसी वर्ग के एक शिष्टमंडल ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान के साथ मुलाकात की।

इस अवसर पर शिष्टमंडल ने पूर्ववर्ती हुड्डा सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग की भलाई के लिए लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों का आभार व्यक्त किया तथा वर्तमान सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग की हो रही घोर उपेक्षा के बारे में विस्तार से चर्चा की।

पिछड़ा वर्ग के नेता क्रीमीलेयर की आय सीमा 8 लाख से घटाकर 6 लाख करने के हरियाणा सरकार के फैसले से बहुत चिंतित थे।

उन्होंने बताया कि मनोहर सरकार मे पिछड़ा वर्ग अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है और कांग्रेस की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा है। जमीनी हकीकत ये है कि अब कांग्रेस की सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता और पिछड़ा वर्ग की भलाई भी इसी में है।

दीपेंद्र हुड्डा ने उन्हें विश्वास दिलाया कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर वे इस चिंता को दूर कर देंगे और तुरंत ओबीसी क्रीमीलेयर आय सीमा को 6 लाख से बढ़ाकर 10 लाख किया जाएगा।

पिस्तौल दिखाकर करीब 20 लाख रुपये लूटे

सोनीपत। गोहाना की कृष्णा कॉलोनी में फ्लिपकार्ट कंपनी के कार्यालय व गोदाम से दो नकाबपोश बदमाश करीब 20 लाख रुपये से भरी तिजोरी लूटकर भाग गए। उन्होंने पिस्तौल के बल पर वारदात को अंजाम दिया। मामले की सूचना के बाद सिटी थाना गोहाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

इस कंपनी के कार्यालय व गोदाम बना रखा है। जहां से वह सामान की डिलिवरी करते हैं। कंपनी के सुपरवाइजर अमित ने पुलिस को बताया कि वह रात को गोदाम के ऊपर कार्यालय में सो रहे थे। गोदाम में दो कर्मी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि तडक़े करीब चार बजे कर्मियों ने उन्हें बताया कि दो युवक चेहरे पर कपड़ा बांधकर आए थे। वह पिस्तौल लेकर आए थे। उन्होंने पिस्तौल दिखाकर वहां रखी तिजोरी को उठा लिया। उन्होंने रोकने का प्रयास किया तो वह धमकी देकर भाग गए। जिस पर मामले की शिकायत सिटी थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बल्लबगढ़ का विकास नैतिक जिम्मेदारी : मूलचंद

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री ने कहा कि बल्लबगढ़ विधान सभा क्षेत्र में चहुमुखी विकास कार्य करवाना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बल्लबगढ़ विधान सभा क्षेत्र में लोगों को बिजली, पेयजल सप्लाई से जुड़ी हुई लाइनें, ट्यूबवेल, आरसीसी रोड, इन्टर लाकिगं टाइलों से बनाई गई पक्की गलियों, सिवरेज व्यवस्था तथा पार्कों के सौन्दर्य करण, एलईडी लाइटिंग सहित तमाम मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है।

शर्मा सोमवार को नवरात्रि के पावन अवसर पर बल्लबगढ़ विधानसभा क्षेत्र को करीब 1 करोड़ 92 लाख रुपये की धनराशि की लागत के 10 नए ट्यूबवेलो की सौगात दी है। उन्होंने बल्लबगढ़ विधानसभा क्षेत्र के रेल पार इलाके में घर घर पानी पहुंचाने के लिए लगाए जाने वाले 10 ट्यूबलो के कार्य का शुभारंभ करते हुए कहा कि करीब 1 करोड़ 92 लाख की लागत से ये ट्यूबवेल लगेंगे। ये ट्यूबवेल एफएमडीए द्वारा लगाए जा रहे हैं। इनमें 6 ट्यूबवेल मिर्जापुर में और 4 ट्यूबवेल गांव मोठुका के पास लगाए जाएंगे। कहा- इनमें 6 ट्यूबवेल मिर्जापुर में और 4 ट्यूबवेल गांव मोठुका के पास लगाए जाएंगे

परिवहन मन्त्री मूलचन्द शर्मा ने सैक्टर- 62 चौंक पर शहीद छतरपति मार्ग के बोर्ड का उद्घाटन भी किया। इस मौके पर भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा,निर्वतमान पार्षद दीपक यादव, राकेश गुर्जर,लखन बेनीवाल, अनुराग गर्ग,ज्ञानेंद्र भारद्वाज,चिंकू पंडित,दिपांसु अरोड़ा,पीएल शर्मा,कुलदीप मथारु,अभिषेक दीक्षित एफएमडीए के एक्सईएन अंकित भारद्वाज,एसडीओ नवल सिंह सहित गणमान्य लोग मोजूद रहे।

ट्यूबवेलों के मीठे पानी की सप्लाई इन इलाकों में होगी

सेक्टर-22,सैक्टर- 23 और सैक्टर- 23 ए, सेक्टर -24, सैक्टर-25 व सैक्टर- 55 ,आजाद नगर, जनता कालोनी, संजय कालोनी और ऑटोपिन,ईस्ट इंडिया कालोनी, शिव कालोनी,सुभाष नगर और मुजेसर सहित लाइन नंबर एक,दो और तीन से लगते हुए पूरे इलाके को मिलेगी।

जन समस्याओं पर समयबद्ध कार्रवाई करें अधिकारी : डा. बनवारी लाल

परिवार समिति की मासिक बैठक में 11 शिकायतों का किया मौके पर ही समाधान

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। हरियाणा के सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की बैठक में जिन मामलों को निपटाने व जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाते हैं, उन पर संबंधित विभाग त्वरित कदम करें तथा प्रत्येक मीटिंग में इसकी एटीआर प्रस्तुत करे।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों का कर्तव्य बनता है कि वे जन समस्याओं पर समयबद्ध कार्रवाई करें, ताकि लोगों को सरकार की योजनाओं का सीधा व सरलता से लाभ मिलना सुनिश्चित हो।

सहकारिता मंत्री सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में परिवाद समिति की मासिक बैठक में एजेंडे में शामिल परिवादों का निपटान कर रहे थे। इस बैठक में 14 में से 11 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया तथा शेष शिकायतों के संबंध में संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश देते हुए लंबित रख लिया गया।

गांव सहराला निवासी ललिता शर्मा की शिकायत थी कि उसे हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के पलवल में स्थित सेक्टर में प्लाट अलॉट हुआ था, लेकिन विभाग के अधिकारियों द्वारा उसे कई साल से कब्जा नहीं दिलाया गया है। मंत्री ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने तथा शिकायतकर्ता की शिकायत का समाधान करने के आदेश दिए। गांव लाडियाका निवासी गिर्राज प्रसाद की गांव में अवैध कब्जा व चौपाल के निर्माण में गबन संबंधी शिकायत पर मंत्री ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि अवैध कब्जे वाले क्षेत्र की पंचायत से पैमाइश करवाई जाए।

चयन आयोग ने ग्रुप डी परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को अलाट किए जिले

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने ग्रुप डी के लिए होने वाली परीक्षा के पहले जिलों की सूची जारी कर दी है। यह पहला मौका है जब करीब एक सप्ताह पहले परीक्षा केंद्रों के जिले अलाट किए गए हैं। इन जिलों के आधार पर परीक्षार्थी को वहां तक पहुंचने के लिए पहले से तैयारी कर सकेंगे।आयोग द्वारा आगामी 21 व 22 अक्टूबर को ग्रुप डी के 13 हजार 536 पदों के लिए सीईटी की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा के लिए 11 लाख 84 हजार अभ्यार्थियों ने अपना पंजीकरण कराया है। यह परीक्षा 21 और 22 अक्टूबर 2023 को चार पालियों में आयोजित की जाएगी।

इस बार आयोग ने ग्रुप-डी परीक्षा का आयोजन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) करने जा रही है। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जल्द ही ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी किये जाएंगे। गु्रप-डी परीक्षा के लिए आयोग ने राज्य में 1072 परीक्षा केंद्र बनाए हैं।

सीईटी ग्रुप-डी परीक्षा चंडीगढ़ सहित हरियाणा के 18 जिलों में आयोजित की जाएगी। आयोग के अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी के अनुसार परीक्षा के लिए आयोग ने सिटी इंटीमेशन स्लिप जारी कर दी है। इसके माध्यम से परीक्षार्थी अपने-अपने गंत्तव्य तक पहुंचने के लिए योजना बना सकते हैं।

नवंबर तक प्रदेश के हर बूथों पर होंगे जेजेपी के योद्धा: दुष्यंत

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। सोमवार को जननायक जनता पार्टी ने युवाओं को पार्टी के साथ जोड़ने और उन्हें संगठन में अहम जिम्मेदारी देने सहित विभिन्न विषयों पर मंथन किया। पंचकुला में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने जेजेपी युवा के नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक की और उन्हें संगठन मजबूती के बारे में कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी युवाओं को साथ लेकर निरंतर मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि पार्टी में युवा अपनी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाएं ताकि युवा ऊर्जा के साथ प्रदेश के विकास के लिए जेजेपी अहम भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि युवा जेजेपी बूथ पर 'एक बूथ एक योद्धा' अभियान को पूरा करें और जिला स्तर पर संगठन विस्तार को गति दें। उन्होंने कहा कि इसी अक्टूबर माह में युवा प्रकोष्ठ हर बूथ पर बूथ योद्धा नियुक्त करें ताकि बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती के कार्य को और गति मिल सके। बैठक में दुष्यंत चौटाला ने जेजेपी युवा प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों, सभी युवा जिला अध्यक्षों, सभी युवा हलका अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र दिए और उन्हें शुभकामनाएं दी।जेजेपी प्रदेश कार्यालय सचिव रणधीर सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी सुनील राणा रोड़ और युवा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र सांगवान व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी युवा पदाधिकारियों को संगठन मजबूती के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

किसान देश भर में फिर से करेंगे आंदोलन: टिकैत

भरोसा मित्र

यमुनानगर। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सोमवार शाम जिले के रादौर खंड में किसानों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने धान के निर्यातकों से जो वादे किए थे, उन्हें जल्द पूरा करे। जिससे उनकी हड़ताल खत्म हो और प्रदेश के किसानों का धान बिक सके।

उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन फरवरी-2021 में खत्म हो गया था, लेकिन सरकार ने आज तक किसानों से किए वादे पूरे नहीं किए। इसे लेकर किसान जल्द देशभर में आंदोलन चलाने जा रहे हैं। इसके लिए किसान तैयार रहें।

यहां अनाज मंडी में किसानों को संबोधित करते हुए राकेश टिकैत ने केंद्र सरकार के साथ बिहार की प्रदेश सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस समय बिहार में मंडियां न होने के कारण किसानों की धान की फसल मात्र 800 रुपये प्रति क्विंटल व्यापारी खरीद रहा है। इस तरह बिहार में फसलों के निर्धारित दाम न मिलने के कारण वहां के किसान मजदूर बन गए हैं, जो हरियाणा, पंजाब व अन्य राज्यों में मजदूरी कर गुजारा चला रहे हैं।उन्होंने कहा कि बिहार में मंडियां न होने से व्यापारी वहां के किसानों की धान की फसल औने-पौने दामों में खरीदकर दूसरे राज्यों में महंगे दामों पर बेचते हैं।

राजनीति

जो मांगों को पूरा करेगा उसी राजनीतिक दल को देंगे समर्थन

हरियाणा में बनी अब ब्राह्मणों की खाप

एकजुट कर सामाजिक बुराइयों को दूर करेंगे और राजनीतिक तौर पर समाज को मजबूत करेंगे

भरोसा मित्र

कुरुक्षेत्र।ब्राह्मण समाज से जुड़ी प्रदेश भर की अग्रणी संस्थाओं ने ब्राह्मण खाप हरियाणा का गठन किया है। हरियाणा में इससे पहले समाज का ऐसा मंच नहीं था। सर्वसम्मति से विजय जोशी को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है।

इसके लिए संस्थाओं के प्रतिनिधि करनाल में एकत्रित हुए। पत्रकारों से बातचीत में ब्राह्मण खाप हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया कि समाज को एकजुट कर सामाजिक बुराइयों को दूर करने, राजनीतिक तौर पर समाज को मजबूत बनाने के उद्देश्य को लेकर इस खाप का गठन किया गया है। इसकी कार्यकारिणी में राम निवास शर्मा फतेहाबाद, श्याम लाल शर्मा कुरुक्षेत्र, नरेंद्र देव शर्मा नारायण गढ़, मनोज गौतम महेंद्रगढ़ को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है।

अन्य पदाधिकारियों में गुलाब शर्मा करनाल को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। संदीप मुदगल सांघी रोहतक, मुकेश जोशी नारनौल ,संदीप शर्मा कपालमोचन यमुनानगर,वीर भान करोड़ा कैथल को प्रदेश सचिव बनाया गया है। घनश्याम शर्मा बहादुरगढ़ ,मुकेश गौतम पानीपत को प्रदेश सह सचिव बनाया गया है। मुकेश शर्मा एडवोकेट पंचकूला व देव पराशर एडवोकेट भिवानी को लीगल एडवाइजर बनाया गया है। राम अवतार नारनौंद हिसार को प्रदेश प्रचार सचिव बनाया गया है। जयभगवान शर्मा अंबाला को अंबाला ज़ोन, ईश्वर दत्त शास्त्री कैथल को करनाल ज़ोन ,राजकुमार शर्मा प्रधान ब्राह्मण सभा हिसार को हिसार ज़ोन, बृज मोहन वत्स बल्लभगढ़ को फरीदाबाद ज़ोन, दीपक मुदगिल एडवोकेट रेवाड़ी को गुरुग्राम ज़ोन का प्रभारी बनाया गया है। सुशील शर्मा सिरसी को प्रवक्ता बनाया गया है।

सभी दल कर रहे ब्राह्मणों को लुभाने का प्रयास

उन्होंने बताया कि आज प्रदेश में सभी राजनीतिक दल ब्राह्मणों को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं। बीते दिनों एक पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था कि उनकी पार्टी की सरकार बनने पर ब्राह्मण समाज से एक डिप्टी सीएम बनाया जाएगा। क्या हरियाणा के ब्राह्मण समाज को मुख्यमंत्री बनने का अधिकार नहीं है। जब दूसरे समुदाय के लोग मुख्यमंत्री बन सकते हैं तो ब्राह्मण क्यों नहीं बन सकता। उन्होंने मांग की है कि ब्राह्मण आयोग का गठन किया जाए, हमारा कोटा बहाल किया जाए, गरीब ब्राह्मण छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाए, राजनीतिक दल ब्राह्मण समाज की हिस्सेदारी के हिसाब से 16 प्रतिशत चुनाव में टिकट दे, ब्राह्मण रेजिमेंट को बहाल किया जाए व ब्राह्मणों को दाखिलों में नौकरियों में पदोन्नति में आरक्षण दिया जाए। इन मांगों को पूरा करने वाली राजनीतिक पार्टी को ही समाज समर्थन देगा।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।

खबर फटाफट

बाइक चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नारनौल। मंदिर से सामान चोरी करने के मामले में थाना सदर नारनौल की पुलिस टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान अशोक वासी खत्रीपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में चोरी का सामान पहले बरामद कर लिया था। आरोपी को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शिकायतकर्ता जयप्रकाश वासी दुबलाना ने थाना सदर नारनौल में चोरी की शिकायत दर्ज कराई, उसने बताया कि वह खतरीपुर के मन्दिर मे पूजा करता है। 6 अक्टूबर को जब वह करीब 4 बजे मंदिर पहुंचा तो वहां ताला ज्यों का त्यों था, लेकिन अंदर से एक तांबे का कलश, बाल्टी, एक डोली, 2 गिलास, 20 किलो गेहूं, एक माइक स्टैंड, एक पाटा गायब था और पानी की मोटर की फिटिंग तोड़ रखी थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

चोरी की बाइक लेकर घूम रहे आरोपी को पकड़ा

नारनौल। चोरी की बाइक से घूम रहे आरोपी को कनीना क्षेत्र से थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने कल वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजेश वासी कैमला के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की गई है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल द्वारा सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जों व सीआईए इंचार्जों को निर्देश दिए हुए हैं कि बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों की गहनता से जांच करें। जिनके तहत कार्रवाई करते हुए थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने एक आरोपी को चोरी की बाईक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कनीना में गांव गुढ़ा निवासी होशियार ने बाईक चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उसने बताया कि किसी अज्ञात द्वारा गुढ़ा बस स्टैंड से उसकी बाईक चोरी कर ली गई। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को चोरी की बाईक सहित गिरफ्तार कर लिया।

दुर्गा पूजा महोत्सव में संध्या तोमर के भजनों पर खूब झूमे मां के भक्त

नारनौल। नवरात्र पर रविवार की रात टाइगर क्लब परिवार के तत्वावधान में मां दुर्गा के प्रथम शक्ति मां शैलपुत्री का 20 वां वार्षिक दुर्गा पूजा जागरण महोत्सव पुरानी कचहरी मैदान में धूमधाम व हर्षोल्लास सहित सम्पन्न हुआ। इसमें मां का अलंकृत श्रृंगार व सुसज्जित दरबार भक्तों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा। दरबार में मां दुर्गा साक्षात दिखाई दे रही थी। श्रद्धालु दर्शन कर गदगद हो रहे थे। रात 12 बजे तक चले कार्यक्रम में माता रानी के जयकारों की पांडाल में गूंज रही। महोत्सव में सर्वप्रथ पंडित नारायण शास्त्री वा पंडित गगन भारद्वाज ने विधि-विधान पूर्वक मंत्रोच्चार द्वारा पूजा-आर्चना करवाकर यजमानों द्वारा ज्योत प्रज्वलित करवाई। इसके बाद विकास म्यूजिकल ग्रुप के संगीत से सजे कार्यक्रम में परमानंद वर्मा ने गणेश वंदना कर मां के भजनों की झडी लगाते हुये चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है तथा मैया खोल दे दरवाजा तेरा सेवक आया है आदि भजन सुनाकर समां बांधा। फिर आई फरीदाबाद हरियाणा की सुर कोकिला संध्या तोमर ने मां के भजनों की अमृत वर्षा करते हुए मैया जी मैया जी मुझे घर चाहिए, ऐसा घर चाहिए। जिसमें हो तेरा घर चाहिए तथा मैं पागल ना हो जाऊं मैया तेरे प्यार में सुनाकर भक्तों को लोट पोट करते हुए घूम-घूमकर झूमने पर विवश कर दिया। जागरण का समापन आरती के साथ हुआ, जिसके बाद प्रसाद का वितरण हुआ। कार्यक्रम के दौरान क्लब के सदस्यों ने बाहर से आए अतिथियों को पटाका पहनाकर व मां का स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

उपायुक्त ने ली जिला बाल कल्याण संरक्षण समिति की पाक्षिक बैठक

नारनौल। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने आज जिला बाल कल्याण संरक्षण समिति की पाक्षिक बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने बच्चों के कल्याण व सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने समिति को निर्देश दिए कि नाबालिग से संबंधित कोर्ट में चलने वाले मामले को बहुत ही बारिकी से देखा जाए। बच्चों की अच्छी तरह से काउंसलिंग की जाए। उन्होंने कहा कि इस दौरान सभी गाइडलाइन की पालना की जाए। इस बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव, जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय से संतोष कुमारी, जिला बाल कल्याण समिति के सदस्य राजेश गोयल व चेतन देव मौजूद थे।

प्रतियोगिता में 45 स्कूलों के लगभग 150 बच्चों ने लिया भाग

नारनौल। जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से बाल भवन में आयोजित की जा रही 9 दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में आज सोलो सोंग द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ ग्रुप प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर के 45 सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के 150 बच्चों ने भाग लिया।प्रतियोगिता का शुभारंभ मण्डलीय बाल कल्याण अधिकारी कुसविन्द्र यादव व पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा ने किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि आज की सोलो सोंग द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ ग्रुप में स्कूली बच्चों ने हरियाणवी, राजस्थानी, पंजाबी फोक सोंग, क्लासिकल सोंग, देशभक्ति गीतों व भजन आदि की प्रस्तुती से समा बांध दिया तथा समारोह में उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को इन प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढक़र भाग लेना चाहिए ताकि उसका शारीरिक, मानसिक व सामाजिक विकास हो सके। उन्होंने बताया कि सोलो सोंग द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ ग्रुप प्रतियोगिता के भी तीनों ग्रुपों में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता बच्चे 27 अक्टूबर को सुबह 9 बजे बाल भवन जान हॉल सिविल लाईन गुरूग्राम में डिवीजनल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे तथा सभी प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले सभी विजेता बच्चों को जिला स्तरीय बाल-महोत्सव समारोह 14 नवम्बर को उपायुक्त द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 17 अक्टूबर को स्कूली बच्चों के लिए सोलो डांस द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ ग्रुप प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। आज की प्रतियोगिताओं में निर्णायकों की भूमिका प्रवक्ता मन्दीप यादव, प्रवक्ता डा. कुसुम लत्ता व सेवानिवृत प्राध्यापक रत्तन लाल ने निभाई। कार्यक्रम में मंच संचालन सुरेन्द्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी विवेक कुमार, लेखाकार मनीष कुमार, लिपिक बलवान सिंह, लिपिक अनीता कुमारी व परियोजना निदेशक रोहताश सिंह रंगा व परामर्शदाता जयपाल सिंह, हवा सिंह व सुशिला सैनी व अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

घंटों इंतजार के बाद बिना खाद के लौटे किसान

डीएपी खाद की मारामरी

■ छोटे बच्चों सहित महिलाएं लगी लाइन में, हो रही धक्का मुक्की, पुलिस की मौजूदगी में किया खाद वितरित

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। सोमवार को निजामपुर पैक्स में पहुंचे 600 डीएपी खाद के लिए किसानों का जमावड़ा उमड़ पड़ा। जहां भारी संख्या में पहुंचे किसानों को देखकर पैक्स के कर्मचारियों ने लाइन लगाकर आने के लिए कहा गया। परन्तु कुछ देर बाद पैक्स कर्मचारियों ने पैक्स के खाताधारक किसानों को ही खाद देने की बात कहीं गई। जिससे अन्य किसान आक्रोशित हो गए। आक्रोशित किसानों की हालातो को देखते हुए पैक्स कर्मचारियों ने खाद वितरित के लिए पुलिस की सहायता ली गई। डीएपी के लिए मारामारी पूरे प्रदेश में चल रही है। निजामपुर पैक्स की बात करें तो किसानों को जहां कहीं भी खाद उपलब्ध होने की सूचना मिलती है तो वे दौड़े चले जाते है। खाद के लिए लंबी-लंबी लाइन लगी रहती है। जहां पुरुषों व महिलाएं ने अपने छोटे व नन्हे बच्चो के साथ भी घंटों लाइनों में लग रही है। साथ ही धक्का मुक्की के बावजूद भी खाद नहीं मिल पा रही। ऐसा ही नजारा सोमवार को नारनौल रोड़ निजामपुर डीएपी खाद के खरीद केंद्र पर देखने को मिला। जहां डीएपी खाद उपलब्ध होने की सूचना पर सुबह ही किसानों की लंबी लाइन लग गई थी। जहां हर किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहा था। एक लाइन में पुरुष खड़े थे तो दूसरी में महिलाएं। सभी को खाद के लिए घंटों लाइन में इंतजार करना पड़ा। इसके बावजूद बगैर खातेदार किसानों को खाली हाथ वापस मायूस होकर लौटना पड़ा। शुक्रवार रात को निजामपुर पैक्स में 600 बैग डीएपी खाद पहुंची थी। जहां शनिवार व रविवार को छुट्टी होने पर सोमवार को खाद वितरित की गई। लेकिन किसानों की भीड़ के आगे यह खाद की उपलब्धता ऊंट के मुंह में जीरे समान सिद्ध हुई।

सुबह 6 बजे से लाइन में लगे किसान

गांव पवेरा निवासी ओमवीर, नारेहड़ी से ओमप्रकाश, मारोली से बिसंबर ने बताया कि वह डीएपी खाद लेने के लिए सुबह करीब 6 बजे निजामपुर पैक्स पर पहुंचकर लाइन में लग गए थे। लेकिन दोपहर बाद तक खाद नहीं मिली। अब कह रहे हैं कि खाद उसी किसान को मिलेगा जो पैक्स का खाताधारी हो। दोबारा से खाद के लिए आना होगा। केवल दो बैग डीएपी खाद के लिए हर रोज चक्कर काटने पड़ रहे हैं। काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। डीएपी खाद नहीं मिलने के कारण सरसों की बिजाई भी समय से नहीं हो पा रही।

बिजाई में हो रही मुश्किलें

सुबह से ही खाद के लिए किसान लाइन में लगे हुए थे। घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाद नहीं मिली तो किसानों ने कहा कि अब उनकी बिजाई पर मुश्किलों के बादल मंडराने लगे हैं। अक्टूबर माह की शुरुआत दौर के 10 से 15 तारीख को सरसों की बिजाई की जाती है। लेकिन इस बार डीएपी खाद उपलब्ध नहीं हो पाई, इसलिए काफी किसान अभी तक सरसों की बिजाई नहीं कर पाए हैं। किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अगर देरी से सरसों की बिजाई करते हैं तो इसका पैदावार पर भी प्रभाव पढ़ेगा। समय से बिजाई नहीं होने के कारण सरसों की पैदावार घटेगी और इसका किसानों को खामियाजा उठाना पड़ेगा।

दो बैग के साथ एक नैनो यूरिया अनिवार्य

क्षेत्र के किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पैक्स कर्मचारियों के द्वारा किसानों को दो खाद डीएपी बैग के साथ एक नैनो यूरिया भी जबरदस्ती दी जा रही है। जोकि किसानो की मनमर्जी के खिलाफ है। जिसको लेकर पैक्स पर पहुंचे किसानों ने सरकार के प्रति विरोध जताया।

पैक्स कर्मचारियों पर लगाया आरोप

खाद लेने के लिए पैक्स पर पहुंचे किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पैक्स के एक कर्मचारियों के द्वारा 300 व दूसरे कर्मचारियों के द्वारा 500 बैग डीएपी खाद पहुंचने का जानकारी दी जा रही हैं। हालांकि इस संबंध में एक कर्मचारियों ने उन्हें 600 बैग पहुंचने की सूचना भी दी गई है। जहां किसानों को गुमराह किया जा रहा है।

मोदी-मनोहर ने बदली देश-प्रदेश की दशा और दिशा : नगेंद्र

■ हर घर जनसंपर्क अभियान के तहत डबुआ कालोनी में जनता से रूबरू हुआ पूर्व विधायक

सात्विक देव, भरोसा मित्र

मूलभूत सुविधाएं युद्धस्तर पर कराई जा रही उपलब्ध

फरीदाबाद, एनआईटी क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नगेन्द्र भड़ाना द्वारा चलाया जा रहा हर घर जनसंपर्क अभियान को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। इस अभियान ने 58 दिन पूरे कर लिए है और पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना जगह-जगह जाकर न केवल लोगों की समस्याओं को सुन रहे है बल्कि मोदी-मनोहर की नीतियों और उनके द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का ब्यौरा भी लोगों को उपलब्ध करवा रहे है। इसी कड़ी में डबुआ कालोनी चुंगी नंबर 17 के समीप एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। भड़ाना ने कहा कि विकास का जो सिलसिला मौजूदा समय में चल रहा है उससे स्पष्ट है कि वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में भाजपा फिर से देश प्रदेश में सरकार बनाएगी। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद मनवीर भड़ाना ने कहा कि भाजपा सरकार सही मायनों में आम आदमी की सरकार है क्योंकि इस सरकार में गरीब, पिछड़े, दलित सहित आम आदमी को राहत देने के लिए अनेकों योजनाएं चल रही है। उन्होंने कहा कि अपने पार्षद कार्यकाल के दौरान भी उन्होंने अपने वार्ड में हरसंभव विकास कार्य करवाए और विकास का सिलसिला अभी भी जारी है। श्यामचंद प्रधान व निवर्तमान पार्षद महेंद्र भड़ाना ने कहा कि पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना क्षेत्र के विकास के लिए सदैव समर्पित रहे है, अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने क्षेत्र में जहां सीवरेज की नई लाईनें डलवाई वहीं गाजीपुर-पाली-नंगला रोड बनवाकर लोगों को राहत प्रदान करवाई। इसके अलावा अब भी क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह से तत्पर रहते है और मुख्यमंत्री व केंद्रीय राज्यमंत्री के माध्यम से क्षेत्र में विकास कार्य करवाने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे है। इस मौके पर मुखराम पंडित, ठाकुर गुलाब सिंह प्रधान, आदेश यादव, वेगराज प्रधान, सुरेंद्र रावत प्रधान, सुखीराम गोला, ओमप्रकाश भड़ाना मेंबर, अमित नंबरदार, बबलू भड़ाना, लालू प्रसाद, सुंदर नागर, कृष्णानंद मिश्रा, अनिल राठी, लाला खान प्रधान, पप्पू मावई, विष्णु पंडित, साहब राम, छत्तर ठेकेदार, मालू नागर, दीपक भड़ाना, भोपाल खटाना, गिरधर मावई सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

भाजपा ने श्रमिकों की पूर्णता अनदेखी की : शारदा राठौर

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद । पूर्व विधायक शारदा राठौर रामशरण चौक में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने श्रमिक बस्तियों की पूर्णता अनदेखी की है । चुनाव के समय भाजपा ने जो वायदे किए थे अब उनकी चर्चा तक नहीं की जाती । ऐसी बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं की सुध लेने वाला कोई नहीं है । श्रमिक बस्तियों में रहने वाले लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर है । अन्य सुविधाएं तो दूर की बात यहां के लोग पीने के पानी के लिए भी तरस रहे हैं । गलत पहचान पत्र बनाकर अधिकतर लोगों के राशन कार्ड काट दिए गए हैं । जरूरतमंद लोगों की बुढ़ापा पेंशन भी काटी गई है । फैक्ट्रियों में निर्धारित न्यूनतम वेतन भी नहीं मिल पा रहा है । बहुत से श्रमिक परिवार पलायन कर चुके हैं । भाजपा को श्रमिक बस्तियों में रहने वाले लोगों की याद रैली के समय और चुनाव के समय ही आती है । शारदा राठौर ने कहा कि कांग्रेस के शासन में शहरों में आर्थिक रूप से हुआ बल्कि कांग्रेस सरकार में जो विकास हुआ था, उसकी रिपेयरिंग कार्य तक यह सरकार नहीं करा पाई। उन्होंने कहा कि अब जनता भाजपा सरकार की कारगुजारियों से तंग आ चुकी है और इस सरकार को सत्ता से बाहर करने का मन बना चुकी है, बस चुनावों का इंतजार है, चुनावों में जनता वोट की चोट से इस गूंगी बहरी सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी और हरियाणा में कांग्रेस के रूप में अपनी सरकार चुनेगी। इस अवसर पर बालकिशन, विजय प्रधान, कौशल कौशिक, राजेश दहिया, नजर मोहम्मद, कंवरपाल, डॉ नवीन, सतपाल, जीतू पंडित, बबलू बाल्मिक, डॉक्टर निजाम, इंद्राज, नवनीत ठाकुर, इंद्राज पहलवान, संजय कौशिक, कमल चंदीला, मनोज नागर, कर्मवीर बैंसला, अभिलाष नागर, गंगाराम जाट, सलीम खान अल्पसंख्यक प्रधान, महेश सरदाना, प्रमोद त्यागी सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

मंत्री डा. बनवारी लाल ने रैनीवैल आधारित पेयजल परियोजना की आधारशिला रखी

फिरोजपुर झिरका के शहरी क्षेत्र व 80 गांवों को मिलेगा पानी

सहकारिता मंत्री बनवारी लाल ने सुल्तानपुर में रेनीवेल परियोजना की आधारशिला रखी परियोजना पर 23 करोड़ रुपए खर्च होंगे

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद । हरियाणा के सहकारिता तथा जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने सोमवार को जिला पलवल के गांव सुल्तानपुर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हरियाणा द्वारा फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी इलाके के लिए अतिरिक्त रैनीवैल आधारित पेयजल परियोजना की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उनके साथ विधायक दीपक मंगला, डीसी नेहा सिंह, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता कृष्ण दहिया, कार्यकारी अभियंता प्रदीप कुमार, मेहरचंद गहलौत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि इस परियोजना पर करीब साढे 23 करोड़ रुपए की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से जिला नूंह के फिरोजपुर झिरका शहर व करीब 80 गांवों में पीने के पानी की किल्लत दूर होगी। इस परियोजना से लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। मंत्री ने कहा कि विकास की दृष्टि से पलवल जिला अधिक विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में हरियाणा में विकास कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। डा. बनवारी लाल ने पलवल में रैनीवैल स्कीम के तहत पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। अब 70 एलपीसीडी पर मौजूदा स्रोत और मौजूदा बुनियादी ढांचे के पूरक के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 70 एलपीसीडी और शहरी क्षेत्र में 135 एलपीसीडी पर सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा हाल ही में अतिरिक्त रैनीवेल स्रोत विकास कार्य को मंजूरी दी गई है। इस मौके पर उन्होंने पौधारोपण भी किया।

टूटी सड़कें, बहता पानी तिगांव क्षेत्र की यही कहानी : नागर

पूर्व विधायक ने भाजपा की जुमलेबाजी के खिलाफ निकाली संघर्ष पदयात्रा

पूर्व विधायक ललित नागर की पदयात्रा को क्षेत्र की जनता का मिल रहा है अपार समर्थन

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। तिगांव विधानसभा में व्याप्त जनसमस्याओं को जानने के लिए पूर्व विधायक ललित नागर द्वारा शुरू की गई पदयात्रा को क्षेत्र की जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। लोग इस पदयात्रा में बढ़चढक़र हिस्सा लेकर सरकार की नाकामियों को खुद ब खुद बयां कर रहे है। पदयात्रा की शुरूआत मवई कालोनी सिल्वर हाऊस से हुई, जो कि सैनी स्कूल, साई मंदिर, मदरसा टेरेसा स्कूल, भोपाल कालोनी, स्वामी धर्मकांटा से होते हुए सतपाल गुर्जर के घर समाप्त हुई। पदयात्रा के दौरान जगह-जगह लोगों ने फूल मालाओं से पूर्व विधायक ललित नागर का भव्य स्वागत किया। लोगों ने बताया कि नौ सालों में उनके यहां विकास के नाम पर एक ईंट तक नहीं, सडक़ें टूटी पड़ी, उसमें गंदा पानी बहता रहा है, पीने के पानी की भारी किल्लत है, बिजली की तारों का जाल बिछा हुआ है, जिसके चलते शार्ट सर्किट व लाईन लॉस होता रहता है और घण्टों बिजली गुल रहती है। लोगो ने बताया कि इन समस्याओं से वह काफी लम्बे समय से जूझ रहे है, लेकिन विधायक, पार्षद व सरकार का कोई भी नुमाइंदा उनकी ओर ध्यान नहीं दे रहा। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर असफल साबित हुई है, लोगों को बुनियादी सुविधाएं देना तो दूर लोगों पर नए-नए टैक्स लगाकर यह सरकार खून चूसने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ सालों में तिगांव क्षेत्र में कोई विकास नहीं

लोगों ने पूर्व विधायक को सुनाया दुखड़ा

लोगों ने अपनी समस्याएं रखते हुए ललित नागर को बताया कि 2018 को यह कॉलोनी अमृत योजना के तहत पास मंजूर कर दी गई थी कुछ जगहों पर यहां पर सीवर लाइन डालने का काम भी किया गया कुछ दिन के बाद कहा कि यह कॉलोनी तो अवैध है इसमें हम नहीं डालेंगे वह सीवर लाइन आज भी अधूरी पड़ी हुई है। एक बार कॉलोनी पक्की करने के बाद फिर कहते हैं कि यह कच्ची कॉलोनी है अवैध है आज इस कॉलोनी में लगभग 50 गलियां हैं सारी कच्ची हैं सब में पानी भरा पड़ा है बिजली की व्यवस्था नहीं है पानी की व्यवस्था नहीं है राशन कार्ड यहां के कटा दिए गए है।

मोहम्मद, कंवरपाल, डॉ नवीन, सतपाल, जीतू पंडित, बबलू बाल्मिक, डॉक्टर निजाम, इंद्राज, नवनीत ठाकुर, इंद्राज पहलवान, संजय कौशिक, कमल चंदीला, मनोज नागर, कर्मवीर बैंसला, अभिलाष नागर, गंगाराम जाट, सलीम खान अल्पसंख्यक प्रधान, महेश सरदाना, प्रमोद त्यागी सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

कमियां उजागर

बिजली विभाग में फर्नीचर न होने से रिकार्ड बिखरा रहता है इधर से उधर

बिजली निगम का दफ्तर चमाचम, कर्मचारी व उपभोक्ताओं के लिए कुर्सी नहीं

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद । नाम बडे और दर्शन छोटे। यह कहावत बिजली निगम के सेक्टर 55 में खोले गए एसडीओ दफ्तर पर खरी उतर रही है। यहां की समस्याओं को देख हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन ने उक्त बिजली दफ्तर का दौरा किया। जहां की समस्याओं को करीब से देख कर्मचारी नेता भी भडक उठे। उन्होंने निगम के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि दफ्तर में रिकार्ड रखने का पर्याप्त बंदोबस्त किया जाए, वहीं कर्मचारी व उपभोक्ताओं को भी बैठने के लिए कुर्सी व अन्य संसाधन मुहैया कराई जाए। यूनियन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बल्लभगढ़ डिवीजन की सब डिवीजन सेक्टर-55 में हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन फरीदाबाद के सर्कल सचिव विनोद शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारी नेताओं ने सोमवार को इस दफ्तर का दौरा कर यहां की समस्याओं को करीब से देखा। फरीदाबाद सर्कल में पहले 18 सब डिवीजन थी। उपभोक्ताओं की सहुलियत के लिए पांच नई सब डिवीजन खोली गई। इनमें सेक्टर 55 की मार्केट में खोली गई सब डिवीजन एक है। यूनियन नेताओं का दफ्तर में पहुँचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इसके साथ ही कर्मचारियों ने अपने दुखडा सुनाने का सिलसिला शुरू कर दिया। मई के महीने में इस सब डिवीजन की बिल्डिंग को किराए पर लेकर खोल दिया। जिसमें एसडीओ व जेई का दफ्तर भी शामिल है। कर्मचारी नेताओं के मुताबिक एसडीओ का जो दफ्तर है, वह पूरी तरह चमचमाया हुआ है। उस रूम में एसी व पंखा तक लगे हैं, लेकिन जेई व कर्मचारियों के कमरे में न तो बैठने के लिए कुर्सी व रिकार्ड रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में फर्नीचर है और न पीने के पानी की कोई सुविधा। यहीं नहीं, उपभोक्ताओं के लिए भी यहां किसी तरह की कोई सुविधा नहीं दी गई है। कर्मचारियों के लिये कोई केबिन, अलमारी, लॉकर, कुर्सी, टेबल आदि की सुविधा मौजूद नही है । जिससे दफ्तर का सारा रिकार्ड तीतर बितर होकर इधर उधर बिखरा पड़ा रहता है । कम्पलेण्ड सेन्टरों और दफ्तरों में पीने के लिये पानी, फ्यूज आदि लगाने के लिये कंडेक्टर वायर तक नही है । कम्पलेण्ड सेन्टरों पर शौचालय व साफ सफाई आदि की कोई वैकल्पिक सुविधा नही है। निगम की ओर से नए दफ्तर और बिजली के शिकायत केंद्र तो खोल दिये गए पर इन शिकायत केंद्रों पर बुरा हाल है ।यूनियन ने आपके द्वार कार्यक्रम में समस्याएं सुनने के बाद कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही उनकी समस्याओं का अधिकारियों से मिलकर समाधान कराया जाएगा। इस मौके पर यूनियन के यूनिट सचिव लेखराज चौधरी के अलावा बल्लभगढ़ के प्रधान मदन गोपाल शर्मा व यूनिट सचिव सुरेन्दर शर्मा, रवि दत्त शर्मा, राजबीर, धीर सिंह, जगदीश चौधरी, सुधीर कौशिक, मनोहर, गुलशन, मनसूर, अमित, बीरसिंह, सोमदत्त, किशन, दिनेश डागर, सुंदर, राजू, संदीप, सुरेश, कलंदर, घनश्याम आदि काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

अमावस्या पर दी गई रोटियों के कारण अनेक गाय हुईं बीमार, दो की मौत

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। स्थानीय निजामपुर मार्ग स्थित अनाथ गौशाला में अमावस्या पर दी गई रोटियां के कारण अनेक गाय बीमार हो गई। वहीं दो गायों की मौत भी हो गई। इससे गौ रक्षकों और गौ प्रेमियों में रोष है। गो प्रेमियों को कहना है कि अमावस्या के समय गायों को रोटी दिए जाने के प्रथा बंद होनी चाहिए। शहर की अनाथ गौशाला में करीब 20 से अधिक गाय अभी भी बीमार हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है। दूसरी तरफ दया नगर में दो गाय की मौत हो जाने के बाद वहां के गुस्साए लोगों ने अनाथ गौशाला में आकर गायों की दशा को सुधारने की बात भी की। पितृपक्ष की अमावस्या पर लोगों द्वारा गायों को कच्ची पक्की रोटी दी गई थी। वहीं कई गायों को पूरी भी खिलाई गई थी। कच्ची पक्की रोटी व पूरी की वजह से शहर में अनेक गायों को सांस लेने में प्रॉब्लम हो गई। जिसकी वजह से शहर में अनेक गाय बीमार हो गई। अकेले अनाथ गौशाला में 20 से अधिक गाय बीमार होने की बात कही जा रही है। वहीं इस बारे में गौ भक्त मुकेश वालिया ने बताया कि गाय द्वारा रोटियां का अधिक सेवन कर लिया गया। जिसके कारण उनके स्वांस तंत्र पर असर पड़ा। गोबर नहीं कर पाने की वजह से सांस भी बंद हो गया। इससे बहुत अधिक गाय बीमार हो गई। उन्होंने बताया कि सभी गायों का अब उपचार किया जा रहा है। उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही गाय ठीक हो जाएगी। वहीं गौ रक्षक दल से जुड़े हुए राहुल वर्मा ने बताया कि उन्होंने तीन-चार दिन पूर्व से ही लोगों को कच्ची पक्की रोटियां गायों को नहीं देने के लिए आह्वान किया था, लेकिन फिर भी लोग नहीं माने तथा गायों को ज्यादा मात्रा में रोटियां खिला दी गई। इससे गौशालाओं के अंदर व बाहर विचरण करने वाली गाय बीमार हो गई हैं। उन्होंने कहा कि आगे इस प्रथा को बंद किया जाना चाहिए, ताकि गायों की रक्षा की जा सके।

डीसी मोनिका गुप्ता ने किया पीएम नेशनल अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार मेले का शुभारंभ

तकनीकी शिक्षा पर सरकार का विशेष फोकस : उपायुक्त

रोजगार मेले में 400 युवाओं ने कराया पंजीकरण

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। हरियाणा सरकार युवाओं का कौशल विकास करने के लिए अनेक कार्यक्रम चला रही है। रोजगार मेले भी इसी कड़ी का एक अहम हिस्सा है ताकि युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो सके। शिक्षा व तकनीकी कोर्स ही रोजगार के माध्यम होते हैं। इन दोनों पर सरकार का विशेष फोकस है। यह बात उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने आज स्थानीय आईटीआई में राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत आयोजित पीएम नेशनल अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार मेले में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहीं। हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत आयोजित इस मेले में 400 युवाओं ने पंजीकरण करवाया। समाचार लिखे जाने तक युवाओं के चयन की प्रक्रिया जारी थी। उन्होंने कहा कि यहां से कंपनियों को अच्छी प्रतिभा मिलेगी। युवाओं की मेहनत रंग ला रही है। डीसी ने कहा कि युवा स्वरोजगार की तरफ भी आगे बढ़ें। सरकार का फोकस इंटरप्रेन्योरशिप पर है। इसके लिए कम दर पर ऋण मुहैया कराया जा रहा है। ऐसे में युवा लघु उद्योग की तरफ भी आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि जिस संस्था के पास आउट बच्चों को उसी संस्था में रोजगार के लिए साक्षात्कार का मौका मिले और रोजगार मुहैया हो तो उस संस्था की इमेज भी बनती है। आईटीआई में ही बच्चों को मौका मिलना अच्छे संकेत है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि जिस भी कंपनी में उन्हें रोजगार मिले वहां पर पूरी मेहनत के साथ कार्य करें। जो इंसान सच्चे दिल से मेहनत करता है उसे उसका फल जरूर मिलता है। ऐसे में युवा पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्य करें। इस मौके पर विनोद श्यामपुरिया ने डीसी को बताया कि उन्होंने 1996 में यहीं से आईटीआई पास की थी। इसके बाद गांव में ही अलमारी आदि का उधोग लगाया हुआ है।

17 page 8_01.qxd 10/16/2023 9:26 PM Page 1